e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 85
शुक्रवार
28.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नहीं हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

**रोजा का समय**

इफ्तार (28.03.25) : शाम 6.04 बजे
सेहरी (29.03.25) : सुबह 4.22 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## सड़क से लेकर सदन तक अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में हुआ जोरदार प्रदर्शन-आगजनी

# असरदार रहा रांची बंद

**बंद को लेकर रांची के लगभग सभी स्कूल सहित व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकान, बाजार और हाट भी बंद रहे. रांची के अरगोड़ा, किशोर गंज, बरियातू ओरमांझी, बेड़ो, धुर्वा, खलारी, रातू, रातू रोड, बूटी मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क जमकर प्रदर्शन करते नजर आए.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ बुलाए गए बन्द का राजधानी रांची के सभी क्षेत्रों में व्यापक असर देखा गया. रांची के शहर और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा के बड़े नेता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया. रांची के रातू रोड में देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं के साथ बंद को सफल बनाने के लिए सड़क मार्च किया. भाजपा के कई नेता अपने-अपने क्षेत्र में बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही सड़क पर उतर आए. सबसे ज्यादा बन्द का असर रांची के कांके इलाके मे देखा गया. कांके इलाके में ही बुधवार की शाम अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या की गई थी. हत्या के विरोध में बुधवार की सुबह से ही कांके चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया गया. जगह-जगह पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया. बंद को लेकर रांची के लगभग सभी स्कूल सहित व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकान, बाजार और हाट भी बंद रहे. रांची के अरगोड़ा, किशोर गंज, बरियातू ओरमांझी, बेड़ो, धुर्वा, खलारी, रातू, रातू रोड, बूटी मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क जमकर प्रदर्शन करते नजर आए. भाजपा नेता प्रतुलनाथ शाहदेव और भैरव सिंह को रांची पुलिस ने सुबह से ही हिरासत में ले लिया था. वहीं, राजधानी विभिन्न इलाकों से प्रदर्शन कर रहे 50 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था.

### विहिप-बजरंग दल ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अनिल टाइगर महतो की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।विहिप-बजरंग दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने हत्या के खिलाफ सरकार और प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। कांके प्रखंड स्थित उनके पैतृक गांव में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु व बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संयुक्त रूप से कहा कि अनिल टाइगर एक कर्मठ युवा, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता थे। इनकी हत्या सरकार एवं प्रशासन की लचर व्यवस्था और विफलता दर्शाती है। सरकार इस हत्याकांड का उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे।विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रांत के उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडे, रांची विभाग सहमंत्री रोबिन कुमार महतो, रौशन चौधरी, रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, सुशील पांडेय सहित अन्य ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



### खूंटी के बुंडू में भी दिखा बंद का असर

खूंटी के बुंडू में भी पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में बंद का असर देखने को मिला. हालांकि खूंटी जिला के शहरी इलाके में बंद बेअसर रहा. भाजपा और आजसू पार्टी ने बाइक जुलूस निकालकर बुंडू शहरी क्षेत्र में दुकानों को बंद कराया. जुलूस के दौरान भाजपा और आजसू नेताओं ने हेमंत सरकार पर नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार निकम्मी है. यहां कानून व्यवस्था लचर है. राज्य में हेमंत सरकार को कानून व्यवस्था दुरुस्त करना होगा. रांची बंद मे आजसू का भी जबर्दस्त भागीदारी देखा गया. राज्य के कई जिलों में भी अनिल टाइगर हत्याकांड को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया. सभी ने इस हत्याकांड की तीव्र निंदा की और हमलावरों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने की मांग की.

**50 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को राजधानी के विभिन्न इलाकों से प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लिया हिरासत में**

# झारखंड विधानसभा में गूंजा अनिल टाइगर हत्याकांड की गूंज




**रांची :** भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य टाइगर अनिल महतो की हत्या की घटना पर गुरुवार को झारखंड विधानसभा में जोरदार हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने कार्यवाही शुरू होने के पहले जहां सदन के बाहर धरना-प्रदर्शन किया, वहीं सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पार्टी के तमाम विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। दूसरी तरफ विपक्ष पर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और सत्तारूढ़ दल के कई विधायक भी जवाबी नारे लगाते हुए उनके सामने पहुंच गए।
स्पीकर रबींद्रनाथ महतो दोनों पक्षों से संयम और व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।ऐसे में सदन की कार्यवाही दोपहर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।सदन के बाहर धरने पर बैठे भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए सीएम से इस्तीफे की मांग की।
नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची में कांके थाना क्षेत्र से महज 100 मीटर की दूरी पर भाजपा नेता टाइगर अनिल महतो की हत्या ने कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। सबसे शर्मनाक बात यह है कि रांची पुलिस ने मृत व्यक्ति के चरित्र हनन का प्रयास किया है। इस प्रदेश के डीजीपी के ऊपर अतिरिक्त कार्यबोझ है। राज्य की पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा करना नहीं, बल्कि अपराधियों को संरक्षण देना है।पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि लगातार घट रही आपराधिक वारदातों को देखकर ऐसा लगता है, मानो झारखंड में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि स्पीकर हत्यारी सरकार को संरक्षण देना बंद करें। ऐसा लगता है कि राज्य में जंगलराज लौट आया है।धरना पर बैठे विधायकों में नीरा यादव, नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, आलोक चौरसिया, पूर्णिमा दास, प्रकाश राम, कुशवाहा शशिभूषण मेहता सहित अन्य शामिल रहे।

### रांची के सीनियर एसपी और डीजीपी पर हो कार्रवाई : मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पुलिस राज्य में अपराध रोकने के लिए गंभीर नहीं है और सरकार किस प्रकार से काम कर रही है। यह सब उजागर हो रहा है।उन्होंने कहा कि इससे यह समझ में आता है कि अपराधियों से भी यह सरकार पैसे वसूल रही है। तभी अपराधी बेखौफ होकर राज्य में अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मरांडी ने आरोप लगाया कि सरकार का कहीं ना कहीं उन अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहां की अनिल टाइगर की हत्या मामले में रांची के सीनियर एसपी और डीजी पुलिस पर कार्रवाई हो, क्योंकि इन लोगों के रहते मैं नहीं समझता हूं कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति ठीक हो सकती है। मरांडी ने कहा कि राज्य में बंद के समर्थन में स्वतः स्फूर्त बंद है, लेकिन पुलिस सुबह से ही बेवजह लोगों को हिरासत में ले रही है। उन्होंने कहा कि हमारे घर में भी आज डीएसपी बेसरा आ गए थे और कहे कि आप निकलेंगे क्या। हमने कहा कि आज बंद है। हम जरूर निकलेंगे तो विधानसभा तक पुलिस साथ आई। हमारी पार्टी के प्रवक्ता से बात हुई। उन्हें भी जगन्नाथपुर थाना में रखा गया।

## क्विक न्यूज

### जेल में बंद एक्ट्रेस रान्या राव को निचली अदालत से बड़ा झटका, जमानत अर्जी कोर्ट से खारिज

**चेन्नई :** गोल्ड तस्करी के आरोप में जेल में बंद कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को सेशन्स कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने एक्ट्रेस की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जानकारी के अनुसार, अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका निचली अदालत से तीसरी बार खारिज हुई है। जमानत के लिए अब रान्या हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती हैं।

### पंचायतों को स्वच्छ और स्वावलम्बी बनाना हमारी जिम्मेदारी: मंत्री

**नरसिंहपुर :** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मौजूदगी में गुरुवार को जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत में मंत्री पटेल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय लिया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी यह जिम्मेदारी है कि हमारी पंचायत स्वच्छ और स्वावलम्बी बनें। यह प्रयास करना होगा कि हम किसी पर निर्भर नहीं रहें। इसके लिए हमें यह देखना होगा कि गांव का गंदा पानी स्वच्छ जल स्रोत में तो नहीं मिल रहा है। नाली निर्माण इस तरह हो कि उसका पानी स्वच्छ जल को दूषित नहीं करें। इन सब महत्वपूर्ण बातों पर आप सभी को ध्यान देना होगा। हमें अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

### जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने सप्त-सिंधु क्षेत्र पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया

**जम्मू :** जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव जैन के गतिशील नेतृत्व में तुलनात्मक धर्म एवं सभ्यता केन्द्र ने विश्वविद्यालय के ब्रिगेडियर राजिंदर सिंह सभागार में सप्त-सिंधु क्षेत्र की भू-सांस्कृतिक पहचान विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में पूरे भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के तीस से अधिक शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव जैन ने की। हिमाचल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने सप्त-सिंधु क्षेत्र के लगभग हर पहलू को समझाया। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी ने ऋग्वेद और गुरुबानी स्रोतों के आधार पर सप्त-सिंधु क्षेत्र पर विशेष व्याख्यान दिया।

### चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ: ब्रजेश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लखनऊ महानगर की सभी विधानसभाओं में सरकार की उपलब्धियों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंट विधानसभा आलमबाग चंदन नगर गुलाब वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्ष में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। प्रदेश में सड़कों, पुलों, बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि, आठ वर्षों में प्रदेश ने विकास की नई रफ्तार पकड़ी है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर लॉ एंड ऑर्डर और उद्योग जगत में उत्तर प्रदेश में अहम भूमिका निभाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का जो लक्ष्य रखा है। उसको पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की सक्रिय भागीदारी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य रखा है। जिसको प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती थी। 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में अराजकता और असुरक्षा का सफाया हुआ है और कानून राज्य स्थापित हुआ है। संगठित अपराधी और माफिया समाप्त किया जा चुके है और जनता स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट अनिवार्य : अमित



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पर चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा। बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने सख्ती से कहा, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा। सरकार के पास दस्तावेजों की जांच का पूरा अधिकार है।शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है। गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का एलान किया। पहले स्पीकर बिरला ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान की औरचारिकताएं पूरी कीं। विपक्षी सांसदों की तरफ से परेश अधिकांश संशोधन खारिज हो गए।विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है। देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानने का अधिकार देश की सरकार के पास है। ऐसा करना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

# घूस लेते रोजगार सेवक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को चतरा जिले के इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से एक रोजगार सेवक को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीड़ित बिनोद सिंह ने एसीबी को पत्र लिखकर बताया था कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम से मेढ़बन्दी का कार्य मनरेगा योजना से पास हुआ है। इनके जरिये मेढ़बन्दी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।जब ये डिमान्ड लगाने रोजगार सेवक उमेश कुमार के पास गये तो उनके जरिये बोला गया कि आपके एवं आपके परिवार के सदस्यों की ओर से किये गये सभी मेढ़बन्दी योजना का डिमान्ड लगा देंगे। लेकिन उसके लिये आपको 26 हजार देना होगा। आग्रह विनती करने पर मामला 5000 में तय हुआ। एसीबी ने मामले की जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाया गया।
इसके बाद एसीबी टीम ने इटखोरी प्रखंड के नवादा और धनखेरी पंचायत के रोजगार सेवक उमेश कुमार को पांच हजार रूपये नकद लेते पकड़ा। उसकी गिरफ्तारी इटखोरी बाजार के महाराजा फर्नीचर दुकान से हुई है। एसीबी हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक आरिफ इकराम ने बताया कि गिरफ्तार रोजगार सेवक चतरा सदर थाना क्षेत्र के चौर मोहल्ला का रहने वाला है। रोजगार सेवक को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद अग्रेतर करवाई के लिए एसीबी की टीम हजारीबाग ले गई है।

### रजिस्ट्री कार्यालय का कम्प्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

**लोहरदगा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के टीम ने गुरुवार को रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को पांच हजार रुपये का रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी भी मौका देखकर इधर-उधर छिटक गए।इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार परिवादी मोहम्मद आलीमुद्दीन पिता स्वर्गीय मोहिउद्दीन ग्राम हिसरी पोस्ट हिसरी थाना बगरू जिला लोहरदगा ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि इनका अपना निजी जमीन, जो ग्राम हिसरी में स्थित है। इसका पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय लोहरदगा में संपर्क किया तो निबंधन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दिलीप कुमार ने पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की। परिवादी ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित रूप से दिया।

### विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने ओम बिरला से की मुलाकात, कहा

# विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।गौरव गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवसेना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प, कुर्सियां चलीं, लाठीचार्ज

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गुरुवार को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया. महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर जांच कमेटी बनाने की मांग और कांग्रेस विधायकों के सदन से निलंबित किए जाने को लेकर हो रहा यह विरोध प्रदर्शन अचानक झड़प में बदल गया. यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प देखी गई. इस झड़प के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुआ. इनमें नजर आ रहा हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता एक के बाद एक रोड पर पड़ी कुर्सियों को उठा उठाकर पुलिसवालों पर फेंक रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आक्रामक देखकर पुलिस पीछे हटते हुए नजर आती है. इसके बाद पुलिस लाठीचार्ज का फैसला लेती है और कार्यकर्ताओं को खदेड़ना शुरू करती है. इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस वाटर कैनन का उपयोग करते भी दिखाई दी. थोड़ी-थोड़ी देर में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ रहा है. इसमें कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घायल होने की भी सूचना है.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

## सिविल सर्जन गढ़वा ने मनीष कुमार गुप्ता को उत्कृष्ट अध्यक्ष के रूप में किया सम्मानित



**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में आयोजित जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह ष्टाह्व सम्मान समारोह में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए केतार प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ निवासी एवं ङ्कास्ह्ष्ट अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। गढ़वा के सिविल सर्जन ने उन्हें उत्कृष्ट प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की खूब सराहना की। इस अवसर पर उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति के अध्यक्ष के रूप में मनीष कुमार गुप्ता द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। सम्मान प्राप्त करने के बाद मनीष गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह, प्रखंड प्रशिक्षण दल केतार के अनुज कुमार और सहिया साथी माया देवी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे आगे भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहेंगे और विभाग द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का कार्य करेंगे।

## बस के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार बाप की मौत, बेटा घायल



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर नेशनल हाईवे 98 सड़क डाल्टनगंज औरंगाबाद मुख्य पथ पर दुर्घटना मे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत वही एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना अंतर्गत तेलाड़ी ग्राम निवासी महेश यादव अपने पुत्र के साथ चपाकल मे लगाने के लिए मोटर खरीदने छतरपुर बाजार गए थे छतरपुर से लौटने के क्रम में तेलाड़ी मोड के पास अनियंत्रित अरविंद नामक सवारी बस ने बाइक सवार पिता पुत्र को धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में पिता महेश यादव (52 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई वहीं घायल वीरेंद्र यादव उम्र (25वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया.ग्रामीणों के सहयोग से घायल वीरेंद्र यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदनीनगर भेज दिया गया है। वही आसपास के आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना का विरोध में एनएच 98 सड़क को जाम कर दिया और मृतक के परिजनों के मुआवजे दिलाने की मांग करने लगे। वहीं घटना के बाद सवारी बस घटना स्थल से भाग निकला और छतरपुर थाने में बस लगाकर चालक फरार हो गया.सूचना मिलने के बाद छतरपुर अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे बड़ी मशक्कत और समझने के बाद जाम को हटाया गया। वही शव को लेकर पुलिस आगे कि कार्रवाई में जुट गई है।

## एसडीएम ने किया शराब दुकान का निरीक्षण

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो ने शहर के जेपी चौक स्थित शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने शराब दुकानदारों को रेट चार्ट दुकान के बाहर लगाने का सख्त निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की लगातार शिकायत मिल रही थी ।उन्होंने बताया कि शराब दुकानदार को रेट चार्ट लगाकर अंकित मूल्य पर शराब बेचने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि ईद पर्व के बाद हुसैनाबाद शहर को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।मौके पर नगर पंचायत प्रशासक राकेश सिंह,सुपरवाइजर रवि यादव, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।



## रामगढ़ थाना में ईद-रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**रामगढ़(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से रामगढ़ थाना परिसर में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक ईद,रामनवमी एवं सरहुल के मद्देनजर आयोजित की जा रही है, जिसमें स्थानीय प्रशासन, पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे। बैठक में त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा उपायों को लागू करने और संभावित चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। प्रशासन सभी समुदायों से आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील करेगा, ताकि त्योहारों को शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।

## पाटन थाना में रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी पूजा और ईद को लेकर पाटन थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह, थाना प्रभारी लालजी, एसाई मनोज सिंह, उपस्थित रहे। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। शांति समिति की बैठक में सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि रामनवमी के जुलूस के दौरान शांति विधि व्यवस्था बनाए रखेंगे। कमेटी के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 वॉलिंटियर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। साथ ही थाना प्रभारी लाल जी ने कहां के पर्व त्यौहार आपसी भाईचारा एवं एकता का त्योहार है। सभी को मिल झूल कर शांति पूर्वक ढंग से मनाने की जरूरत है। त्योहार के दौरान सरकार की गाइडलाइन का भी पालन करें। त्योहार के दौरान पाटन पुलिस की सोशल मीडिया पर कड़ी से कड़ी निगरानी रखी गई है। अगर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर अफवाह फैलता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार और जुलूस के दौरान पाटन पुलिस की चौक चोबसी रहेगी। मोके पर केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी, ऐ एसाई धर्मेद्र कुमार सिंह, ऐ एसाई अमेरिका प्रसाद सिंह, ऐ साई मिथुन राम के के प्रजापति, शिव शंकर साव,बाबूलाल राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# रामनवमी,ईद व सरहुल को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हुई शांति समिति की बैठक

- भाईचारे- सद्भाव के साथ मनाएं ईद और रामनवमी : चंद्रशेखर कुणाल
- सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्ती : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर थाना परिसर में गुरुवार को आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने किया।बैठक में सभी जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पूजा समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे। रामनवमी जुलूस के रूट निर्धारित करने, समय सीमा के भीतर जुलूस निकालने तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। प्रखंड अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने सभी को रामनवमी, ईद व सरहुल की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या गड़बड़ी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें और शांति बनाए रखने में सहयोग करें उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद और रामनवमी का पर्व मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि दोनों पर्व अपने आप में दोनों समुदायों के लिए खास है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने कहा कि पर्व में एक दूसरे के प्रति लोग आपसी वैमनस्यता को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलजुल कर साथ दोनों पर्व मनाएं। उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक प्रचार, अफवाह या सामाजिक समरसता फैलाने का प्रयास करेगा तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दे। उसके ऊपर पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के दिए गये दिशा निर्देश में ही आप सभी गाइडलाइन के तहत एकता का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाये। इस मौके पर ज़िला परिषद सदस्य फेयजाल अहमद,पूर्व जिला परिषद् सदस्य शैलेन्द्र कुमार शैलू,मुखिया पति दिनेश कुमार,विजय बैठा,बसंत राम,दीनानाथ मांझी सहित कई लोग मौजूद थें।

## कृषि यंत्र मिलने से किसानों को बेहतर फसल उत्पादन में मिलेगी मदद : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले में कृषि की अच्छी संभावनाएं हैं। यहां के किसान भी मेहनती हैं। मेहनत से कृषि क्षेत्र में बेहतर कर आर्थिक आमदनी कर रहे हैं। कृषि यंत्र मिलने से किसानों को बेहतर फसल उत्पादन में और मदद मिलेगी। किसान कम समय और कम मेहनत में फसलों का उत्पादन बेहतर कर सकेंगे। किसानों की उत्पादकता को बढ़ाने को लेकर सरकार की ओर से कृषि यंत्र वितरण की योजना चलाई जा रही है। किसानों को ससमय कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त आज समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में भूमि संरक्षण विभाग की ओर से छोटे और सीमान्त किसानों को कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना, कृषि उपकरण बैंक की स्थापना, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु लाभुकों के चयन के लिए आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे।बैठक में कृषि यांत्रिकीकरण के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों से प्राप्त 54 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द ने बताया कि राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषक समूहों, महिला समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस-पैक्स या अन्य कृषक संगठनों को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदान पर वितरण मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु लाभुकों के चयन हेतु जेएसएलपीएस के माध्यम से 28 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ था। इन सभी आवेदनों का अनुमोदन किया गया।राज्य योजनाअंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जिले में छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना (मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण) यंत्रों के लिए वर्तमान में प्राप्त 8 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्प पैक्स को एक पंपसेट एवं 200 फीट एचडीपीई पाईप वितरण हेतु वर्तमान में एससीएसपी मद से 20 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें लाभुक चयन समिति द्वारा 18 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। प्राप्त दो आवेदनों को अनुमोदन नहीं दिया जा सका, क्योंकि वे छोटे और सीमान्त किसानों की श्रेणी से उपर थे।बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द, भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने मृतक मजदूर के परिजनों से मिलकर की आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** विगत दिनों प्रखंड क्षेत्र के रेवारातू गांव से मजदूरी करने राजस्थान गए मजदूर उदय सिंह की अचानक मौत हो गई थी।गुरुवार को पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव और सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने मृतक के पिता तिलेश्वर सिंह,पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहायत प्रदान किया। विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने बताया कि मृतक काफी गरीब परिवार से थे और मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते थे।इस दुख की घड़ी में हम सांत्वना देने पहुंचे हैं।सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने कहा कि एक तरफ सरकार रोजगार गारंटी की बात करती है दूसरी तरफ गरीब पलायन को मजबूर हैं।रोजगार के अभाव में मजदूर दूसरे राज्यों का रुख करते हैं और अपनी जान जोखिम में डालते हैं।यहीं पर रोजगार मिले ताकि पलायन रोका जा सके।

## विशाल भंडारे के साथ नौ दिवसीय श्री विष्णु महा यज्ञ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड मुख्यालय स्थित रमणीक तेजवा पहाड़ी के पास प्रयाग राज के गदा माधव चक्र माधव मंदिर के मंहत स्वामी अवधेश दास जी महाराज के नेतृत्व में नौ दिनों तक चले श्री विष्णु रुद्र महा यज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया ।उक्त महायज्ञ के दौरान वृंदावन काशी से पधारे विद्वानों के द्वारा राम कथा का रसपान कराया गया साथ ही प्रतिदिन रात्रि में श्री धाम वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा रास लीला का सफल मंचन किया गया महा यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ परिसर में भंडारे के साथ यज्ञ में पधारे साधु संतो को विदाई किया गया । भंडारे का शुभारंभ महायज्ञ के अध्यक्ष सह संसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा महा प्रसाद वितरण से किया गया।इस भंडारे में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर यज्ञ करता स्वामी अवधेस दास जी ने कहा की क्षेत्र के लोगो द्वारा इस यज्ञ में भारूपुर का सहयोग प्राप्त हुआ। जो बधाई के पात्र हैं। सभी के चरणों में कोटि कोटि अभिनंदन करता हूं। महा यज्ञ में पधारे सभी श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक शांति का परिचय देते हुए इसे सफल बनाने में सहयोग किया। वही यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी लोगो के द्वारा भरपूर सहयोग मिला जिसकी हम कल्पना भी नहीं किये थे। मैं अंतर्मन से सभी का अभिनंदन करता हूं।इस मौके पर मुख्यरूप से यज्ञ के उपाध्यक्ष अमरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र साह, सचिव राजुरंजन, मनोज दूबे, नन्द कुमार मेहता,यज्ञ संयोजक अलोक कुमार यादव, सुधीर यादव, देवचंद यादव, अरविन्द यादव, अमित कुशवहा, राज कुमार प्रजापति, कमलेश यादव, मनोज गुप्ता, अशोक चौधरी अमरेंद्र यादव, नागेंद्र साव रामराज मेहता ललन उरांव, सोनू मेहता, संजय साव का नाम शामिल थे।

## गुप्त सूचना पर धुरकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई,6 गोवंशीय पशु से लदा पिकअप जब्त, चालक फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी पुलिस ने गस्ती के दौरान पशु लदे पिकअप को जप्त कर लिया है।जब कि पिकअप चालक फरार होने में सफल रहा।पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। उक्त जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे गस्ती के दौरान सूचना मिला की यूपी बार्डर से बिलासपुर सगमा के रास्ते गोवंश लदे भूरे रंग की पिकप गाडी संख्या यूपी चौसठ बासठ बीस यूपी बार्डर से सगमा की ओर जा रहा है। जिसे वरीय पदाधिकारियों को सूचना देते हुये जांच शुरू किया गया। जांच के दौरान उक्त सड़क पर उत्तरी सोनडीहा गांव में अर्धनिर्मित मंदिर के पास भूरे रंग की पिकप तेज रफ्तार से सगमा की तरफ जा रहा था। पुलिस के द्वारा उसे रोकने का इशारा किया गया तो गाड़ी को और अधिक रफ्तार से भगाते हुये निकला।पुलिस को देख कर कुछ दूरी पर ड्राइवर गाडी छोड़कर फरार हो गया।इस घटना को देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गया। जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो देखा गया की पिकप के अंदर बेतरिब ढंग से बांध कर छः गोबंशीय पशु को रखा गया है।देखने से प्रतीत हुआ की इन पशुओं को बध के लिए सगमा के रास्ते गढ़वा की तरफ ले जाया जा रहा था। पंचनामा के बाद स्वतंत्र चालक के माध्यम से पशु लदे पिकप को थाना लाया गया है। सभी छः पशुओं में से दो पशुओं का पैर बुरी तरह जख्मी था। जिसका उपचार पशु चिकित्सक से कराया गया है। बाकी सभी पशुओं को फिलहाल थाना में रखा गया है। थाना प्रभारी ने बताया की बध के नियत से गाड़ी से ले जाए जा रहे अज्ञात पशु तस्कर व अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा एवम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम अंतर्गत प्राथमिकी पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई जारी है। उम्मीद है की बहुत जल्द वाहन मालिक के साथ साथ पशु तस्कर पुलिस की गिरफ्त में होंगे ।



## विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



- सेवानिवृत्ति दो शिक्षकों का हुआ विदाई सह सम्मान समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में गुरुवार को शिक्षक राजनाथ राम एवं राजकुमार पाठक के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें फूल-माला, अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भावनात्मक विदाई दी। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों ने भी राजनाथ राम एवं राजकुमार पाठक के समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। जिसमें विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का सौभाग्य मिलता है। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद मुखिया प्रमोद कुमार डॉ निशंक निश्रम शिक्षक संतन तिवारी लल्लू साह पीएम श्री मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षक देवेंद्र कुमार शिक्षक संतोष ठाकुर मनोरंजन प्रसाद धनंजय पटेल दिलीप जयसवाल प्रेम कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन व संस्कार भी जरूरी : सोमा खंडौत

- संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित,टॉपरों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**विश्रामपुर (पलामू) :** साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.समारोह का उद्घाटन बिश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत,रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार,स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले,सीटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक प्रभात कुमार,रेहला थाना के एसआई चंदन नाहर व फाउंडेशन की सचिव रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.समारोह में सबसे पहले शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया.वर्ग छः का छात्र राकेश कुमार चौधरी 99.63 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना.अतिथियों ने स्कूल टॉपर सहित सभी कक्षा के टॉपरों को शिल्ड,मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया.कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन व संस्कार भी जरूरी है.रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल बच्चों को अनुशासन व संस्कार के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिये ही जाना जाता है.उन्होंने बच्चों को उच्च शिक्षा में बेहतर करने के लिये कई उपाय बताते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की.थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि शिक्षा से ही विकास का सभी द्वार खुलता है.शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती.इसलिए बच्चे शिक्षा हासिल करने के लिये हमेशा कड़ी मेहनत करें.उन्होंने बच्चों को भविष्य के लिये कई टिप्स भी दिया.निदेशक एस एम एस्ले ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इसका श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व बच्चों के कड़ी मेहनत को दिया.प्राचार्य मोनिका एक्का ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है.स्कूल के छात्र - छात्राओं का औसत प्राप्तांक 95.5 प्रतिशत रहा.मौके पर प्रीति चौरसिया,नूतन कुमारी,आशा कुजूर,संजय तिवारी, जोशमिता कुजूर,फिलिसिया तिर्की,संजय कुजूर,मनीष गुप्ता,अलबीना एक्का,इबरार अंसारी,प्रतिमा विश्वकर्मा,भूषण मिंज,गौतम कुमार,नितेश मिश्रा,आबिद अली,पूनम खलखो,नेहा तिर्की,प्रियांजली शुक्ला सहित स्कूल के सभी शिक्षक -शिक्षिका,छात्र -छात्रा व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### रांची बंद के कारण अधिवक्ताओं की गैरमौजूदगी

**रांची :** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में बुलाए गए बंद का असर रांची सिविल कोर्ट पर भी पड़ा। बंद के कारण कई अधिवक्ता और उनके मुवक्किल अदालत तक नहीं पहुंच सके। इसे देखते हुए रांची जिला बार एसोसिएशन(आरडीबीए) ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त से यह आग्रह किया है कि अगर कोई अधिवक्ता किसी मामले में पक्ष नहीं रख पाये है तो 27 मार्च को सूचीबद्ध मामलों में किसी भी तरह का विपरीत आदेश पारित न किया जाये। रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से यह पत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा और आजसू की ओर से बुलाए गए बंद के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हुई और रांची शहर के प्रमुख चौक चौराहे जाम हैं, बंद की वजह से अधिवक्ता भी कोर्ट की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पा रहे थे।

### झारखंड में गर्मी बढ़ी,पूर्वी सिंहभूम में तापमान हुआ 39 डिग्री

**रांची :** झारखंड में पिछले हफ्ते हुई बारिश के बाद फिर से पूरे राज्य में गर्मी बढ़ गई है। पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में तापमान बढ़कर 39 डिग्री पहुंच गया है, जबकि पलामू, गढ़वा और गोड्डा जिले में भी तापमान 38 डिग्री को पार कर गया है। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में तापमान 37 डिग्री को पार कर गया है। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में गर्मी में और बढोत्तरी होने की आशंका व्यक्त की है। अप्रैल माह में राजधानी रांची में भी तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने की आशंका है। वहीं राजधानी रांची में गुरुवार को दिनभर मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड महसूस की गई, जबकि दोपहर में भारी गर्मी महसूस की गई।

# अबुआ सरकार में बढ़ गया है अपराध : रघुवर दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्रामीण क्षेत्र की बात कर ले तो रातू, बीजू पड़ा ,कोकर ,पिठोरिया, बुंडू, तमाड़ आदि क्षेत्रों में कुछ दुकानें बंद रही तो वही रांची शहर के मेन रोड ,अप्पर बाजार ,रातू रोड के भी अधिकतर दुकानें बंद रही। करीब 2:00 बजे तक सभी दुकानें बंद थी।

वहीं बंद समर्थक शहीद अल्बर्ट एक्का चौक में 11:00 बजे पहुंचे थे और यहां पर करीब 12:30 बजे तक टायर जलाकर जमकर प्रदर्शन किया।

जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो अपने समर्थकों के साथ आया तो वहीं भाजपा नेता रमेश सिंह और आजसू कार्यकर्ताओं ने भी जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली पर सवाल नहीं है सवाल है इसे और बेहतर बनाने की। अपराधियों में पुलिस का खौफ रहना चाहिए।

### बाबू लाल ने कहा विरोध करने वाले को पुलिस गिरफ्तार कर रही है

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री बीजेपी प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा नेता की हत्या हो गई, विधि व्यवस्था पूरी तरह से फेल है और हत्या के विरोध में अगर कोई प्रदर्शन कर रहा है, अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रही, तो पुलिस अपराधियों के गिरफ्तार न करके जो विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, अपराधियों गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं उसे ही गिरफ्तार कर



रही है, तो यह सरासर अपराध को बढ़ावा देना हुआ, पुलिस अपने कार्यशैली पर सुधार लाएं।

### गिरफ्तार कर सजा दिलाएँ

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई है अबुआ की सरकार आई है तो अबुआ राज में गुंडो का राज हो गया है, गुंडा हावी है ,पुलिस असफल है, किसी की भी, कहीं भी , किसी की हत्या हो जाएगी यह सुनिश्चित है। अनिल टाइगर जैसे व्यक्ति की हत्या होना यह राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है और हम लोग अपराधियों के न सिर्फ गिरफ्तारी की मांग करते बल्कि उन्हें अविलंब फास्ट ट्रैक के साथ सजा भी दिलाने की भी मांग करते हैं।

## इस्लाम में सफाई का महत्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस मुबारक महीने का जाने का ग़म भी लोगों को सता रहा है। बता दे कि सौरभ कुमार रवि नीजी विद्यालय में भूतपूर्व हिंदी शिक्षक रह चुके हैं। इसलिए इस्लाम धर्म को जानना बहुत जरूरी है। इस्लाम धर्म सिर्फ आध्यात्मिक और धर्मिक मान्यताओं पर ही नही बल्कि की कई बिंदुओं पर आधारित है जैसे । अर्थ कर्म पुण्य। प्रेम, एकता ,संप्रभुता , सौहार्द की भूमिका इस्लाम को तो विशिष्ट बनाती ही है । साथ ही अगर इस धर्म को अगर कोई चीज उत्कृष्ट करता है तो वो है,÷सफाई -स्वच्छता। बिना सफाई के अल्लाह की इबादत, मन्नत संपन्न नहीं होती है। आज से जब सैकड़ों वर्ष पूर्व अरब राष्ट्र में अंधकार युग था , तब उस समय पैगम्बर मुहम्मद सल्ल. का आविर्भाव हुआ, उन्होंने अल्लाह के संदेशवाहक के रूप में जनमानस को समझाया। उन्हे यकीन दिलाया, कि सफाई आधा ईमान होता है , सफाई अल्लाह की इनायत है, इबादत है, सफाई अल्लाह को पूजने का जरिया है। सफाई और पाक बरतने से शरीर की नपाक रोगों जलालतो का नाश होता है, उन्होने इस बात को खुदा का हुकुम माना है।अगर जीवन को बेहतरिन सलीके से जीना है तो अल्लाह की बनाई हुई इनायत को ईमानदारी और सिद्दत से पाकी के द्वारा मुकम्मल करनी होगी, और यही जीवन का सत्य है।

इस्लाम में इस बात का विशेष ध्यान दिया जाता है, कि यदि कोई सख्स तुम्हारे पास मेहमान की शक्ल में आए वो गैर मुसलिम ही क्यों न हों उसकी मेहमाननवाजी में सफाई और सवछता का विशेष ध्यान रखना चाहिए तभी मेहमाननवाजी नफ्फत होगी। अंतः इस तथ्य में कोई संदेह नहीं है कि सफाई आधा ईमान है।

# अनिल टाइगर के अंतिम संस्कार में पहुंचे कई विधायक व नेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके अंचल के पूर्व जिला परिषद सदस्य,भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री सह बजरंग दल के कांके मंडल अध्यक्ष अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर का बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को उनके पैतृक गांव सुकुरहुटू के गागी स्थित खड़गा गांव के खपरैल मकान से अर्थी लेकर वहीं नजदीक कज श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कांके के कांग्रेस विधायक सुदेश बैठ, विधायक ममता देवी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व संसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक समरी लाल,



अजसू के पूर्व विधायक सुदेश महतो, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रतुल शाहदेव, सुबोध गुड्डू, दलित ओझा, संजीव विजय वर्गीय ,जीतूचरण राम सहितकई भाजपा, आजसू के कई नेतागण अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

**जगह-जगह हुआ प्रदर्शन:** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के बाद भाजपा , आजसू, जेएलकेएम, श्री महावीर मंडल , बजरंग दल, ऑटो चालक यूनियन संघ आदि संगठनों ने रांची बंद का हवन किया था । गुरुवार को सुबह 8:00 बजे से ही कांके , शुकुरहुट्ट, ओर मांझी, पिठोरिया, कोकर, बूटी मोड़, बीआईटी, रातू रोड, पंडरा, , ओटीसी ग्राउंड, शहीद अल्बर्ट एक्का चौक ,जगन्नाथपुर से लेकर बुंडू, बिजू पड़ा , मांडर, चान्हो आदि ग्रामीण क्षेत्रों में अनिल टाइगर के समर्थक सड़क पर उतरे। हाथों में भाजपा, आजसू,जे एलके एम के कार्यकर्ताओं ने झंडा, बैनर, पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सड़कों पर टायर जलाए और अपराधियों की गिरफ्तारी की ना सिर्फ मांग की बल्कि उसे फास्ट ट्रैक माध्यम से सजा के भी मांग की।

# प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ (नासेर्फ) झारखंड इकाई का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री झारखंड सरकार रामदास सोरेन को बुके देकर धन्यवाद ज्ञापन की साथ ही अपने मांग पत्र के साथ प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य (इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य एवं स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य)पदों पर नियुक्ति नियमावली में पूर्व से कार्य कर रहे झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संविदा एवं बाह्य आधार पर नियुक्त सभी रिसोर्स शिक्षक एवं थैरेपिस्ट को सामंजन करने का अनुरोध की सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार समावेशी शिक्षा के तहत कार्य कर रहे सभी विशेष शिक्षक एवं थैरेपिस्ट को स्थाई करते हुए नियमित नियुक्ति नियमावली बनाकर अभिलंब विज्ञापन जारी करने एवं विशेष शिक्षकों की नियुक्ति करने के आदेश दी है प्रतिनिधिमंडल आज सरकार के माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन से मुलाकात की । मंत्री रामदास सोरेन ने



आश्वासन दिया है आप लोगों के काम को ध्यान में रखते हुए सरकार इस पर विचार विमर्श करेगी। प्रतिनिधि मंडल में संतोषकुमार सुषमा ,कुमारी हरिशंकर कुमार, ईश्वर कुमार ,कुमारी सपना ,रंजीत कुमार, ठाकुर कपिल ,कुमार इमाम हुसैन ,हैदर राजा ,निवेदिता कुमारी ,सीता मुंडा ,बृजेश कुमार ,प्रेमलता कुमारी, अमिता कुमारी ,नूतन तिर्की, दीनानाथ, हेमा कुमारी ,विजय कुमार ,सुधा कुमारी, उषा कुमारी ,नरेंद्र कुमार ,विक्रम कुमार, हेमलता कुमारी ,नीना सिंह आदि उपस्थित थे।

# ड्रीम लैंड पब्लिक स्कूल में दावत-ए-इफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ड्रीम लैंड पब्लिक स्कूल एवं चिल्ड्रेन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया! ड्रीम लैंड पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित प्रोग्राम में समाज के विभिन्न वर्गो के सैकड़ों लोग शामिल हुए और भाईचारे का परिचय दिया! इफ्तार के दौरान सामाजिक एकता और सौहार्द का अद्भुत नजारा देखने को मिला! इसमें हर धर्म और जाति के लोग शामिल हुए और



सामूहिक इफ्तार किये! खजूर, तरबूज और शरबत के साथ लोगों ने रोजा खोला! इफ्तार कार्यक्रम में देश की तरक्की व अमन चैन के लिए सभी ने सभी सामूहिक दुआएं की! कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए स्कूल की प्रिंसिपल नाजिया तबस्सुम ने बताया की ऐसे आयोजन से सामाजिक समरसता के साथ विभिन्न धार्मिक व संस्कृति पहलुओं का आपस में आदान-प्रदान होता है! लोगों एक दूसरे के अधिक समीप आते हैं जिससे समाज और देश के लिए हितकारी होता हैं! प्रोग्राम में स्कूल के शिक्षिकाओं के अलवा बुद्धिजीवी और छात्र समूह भी शामिल हुए।

# सत्ता पक्ष के मंत्री विधायक ने भी किया शोक व्यक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री और बजरंग दल के कांके मंडल अध्यक्ष अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर का बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को उनके पैतृक गांव सुकुरहुटू के गागी स्थित खड़गा गांव के खपरैल मकान से अर्थी निकली और नजदीक के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के भी मंत्री विधायक अनिल टाइगर के आवास



पर पहुंचे उनके परिजनों से मिले और दुख व्यक्त किया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर,श्रम मंत्री संजय यादव, उत्पाद मंत्री योगेन्द्र महतो, कांके से कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा , ,झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय, कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव, आजसू के पूर्व विधायक सुदेश महतो, रांची के भाजपा से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहित कई नेता, कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी।

### हाईटेंशन दुर्गा मंदिर में होगा श्रीराम कथा का आयोजन

**रांची:** हाईटेंशन दुर्गा मंदिर, चुटिया में 20 अप्रैल से 29 अप्रैल तक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के तहत श्री लक्ष्मी कुबेर यज्ञ और आयुर्वेद शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। श्रीराम कथा के मुख्य कथा वाचक श्रीश्री 1008 महात्मा मंडलेश्वर ब्रह्मांड स्वामी पुरी महाराज होंगे। आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नई समिति का गठन किया गया है। समिति के सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। समिति के समीर सिंह ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

# पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट मिलकर करते हैं रंगमंच

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची :** देशभर का झारखंड की राजधानी रांची पहला ऐसा शहर है जहां के पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट मिलकर रंगमंच करते हैं। उदेश्य यह है कि रंगमंच को बढ़ावा मिले और इसी उद्देश्य को लेकर द रांची प्रेस क्लब के 2021-22 के कार्यकारिणी सदस्य, पत्रकार कला मंच का संयुक्त सचिव परवेज कुरैशी के निर्देशन में भारतेंदु हरिश्चंद्र लिखित नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन पहली बार पत्रकारों,फोटो जर्नलिस्टों को लेकर सफल मंचन के साथ इसकी शुरुआत की गई थी। अंधेर नगरी चौपट राजा में सभी पात्र पत्रकार और फोटो जर्नलिस्ट थे, इसमें महिला पत्रकार भी शामिल थी। यह नाट्य मंचन रांची के आर्यभट्ट सभागार में 29 अप्रैल 30 और 1 मई 2022 को तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रेडियो खांची और द रांची प्रेस क्लब के संयुक्त प्रयास से पांच नाटकों का मंचन किया गया था। 29 अप्रैल को गीरिश कर्नाड द्वारा लिखित आयुषी भद्रा, रोशन द्वारा निर्देशित नाग मंडल, विजय तेंदुलकर लिखित और निजाम द्वारा निर्देशित खामोश अदालत है, राजीव सिन्हा द्वारा निर्देशित राम रहीम, सैकत चटर्जी द्वारा निर्देशित सोचो असल आजादी के नायक कौन रहे होंगे और एक मई 2022 को अंतिम दिन भरतेंदु हरिश्चन्द्र लिखित पत्रकार परवेज



कुरैशी द्वारा निर्देशित नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन किया गया था ,संगीत पत्रकार निलय सिंह ने दिया था। अंधेर नगरी चौपट राजा में कुछ संवाद वर्तमान परिस्थितियों को देखकर जोड़ा गया था।इस नाटक के सभी पात्र मुख्य रूप से पत्रकार एवं फोटो जर्नलिस्ट शामिल थे। जिनके अभिनय से दर्शकगण गदगद हो गए थे। अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन चार बार किया गया है, और सभी बार इसे सराहा गया है। दूसरा मंचन गरीब और जरूरतमंद बेसहारों के सहायतार्थ के लिए जन संग्रह की शुरुआत पत्रकारों ने ही नाटक के माध्यम से किया है। जो राशि में प्राप्त हुआ उसे जन संग्रह कर नगडी अंचल के नजदीक बाबा राइस मिल स्थित विहार वृद्धा आदर्श आश्रम में सहयोग के रूप में दिया गया था, इसके लिए 19 जून 2022 को सीएमपीडीआइ के मायुरी प्रेक्षागृह में अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन किया गया था। तीसरा मंचन तीन दिवसीय राष्ट्रीय महोत्सव 8 अगस्त 2022 को पुरुलिया रोड एसडीसी सभागार में परवेज़ कुरैशी के निर्देशन और निलय सिंह के संगीत में किया गया था। चौथा मंचन 22 दिसंबर 2022 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अंधेर नगरी चौपट राजा का मंचन किया गया था , जिसका निर्देशन पत्रकार निलय सिंह ने किया था। इसके बाद सैंया भैय कोतवाल बसंत सबनीस द्वारा लिखित और हिंदी अनुवाद उषा बनर्जी और इसका निर्देशन किए थे पत्रकार निलय सिंह ने, इस नाटक को 11 जून 2022 को सीएमपीडीआइ के मायुरी प्रेक्षगृह में किया गया था । इस नाटक से जो सहायता राशि प्राप्त हुई थी उस राशि से निवारणपुर ओवर ब्रिज के नजदीक आदिम जनजाति सेवा मंडल के गरीब बच्चों के बीच खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। दूसरा मंचन थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए तीन व चार अगस्त 2024 दो दिवसीय पावस महोत्सव के नाम सीएमपीडीआइ मायुरी प्रेक्षगृह में सीसीएल के सहयोग से संतोष मृदुल के निर्देशन और संगीत निलय सिंह का रहा सैंया भैय कोतवाल का मंचन किया गया था। इसके अलावा पत्रकार कला मंच ने 16 , 17 फरवरी 2022 को एसआरपी मुकेश के प्रयास से आरबीआई वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए नुक्कड़ नाटक जो पत्रकार कला मंच के बैनर तले किया गया था । इस नुक्कड़ नाटक को पत्रकारों ने अभिनय नहीं किया था , बल्कि जो कलाकार दूसरे संस्थानों में अभिनय करते हैं उसे रोजगार उपलब्ध कराने की नीयत से पत्रकार कला मंच ने नुक्कड़ नाटक में शामिल किया था। यह नुक्कड़ नाटक रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर किया गया था। पत्रकार कला मंच चैरिटेबल का रजिस्ट्रेशन 6 जून 2022 को किया गया था। जबकि नाट्य मंचन की शुरुआत 29 अप्रैल 2022 को ही शुरू हो गया था। पत्रकार कला मंच से अध्यक्ष अमित दास ,सचिव संदीप नाग , कोषाध्यक्ष एसआरपी मुकेश , उपाध्यक्ष मृदुला संतोष, संयुक्त सचिव परवेज कुरैशी,संरक्षक निलय सिंह , संजीव सिंह जुड़े हैं। शुरुआत में विनय मुर्मू , पिंटू दूबे, रूपम, जयशंकर, राज सिंह ,मुन्ना कामद, सोनम गुप्ता, आरजे भूपेश, विजय गोप, चंदन , कुबेर सिंह के अलावा भी अन्य नाट्य संस्था के कलाकारों जिसमें शिवांग,बसंत ,शर्मिष्ठा ने हिस्सा लिया। सीसीएल, सीएमपीडीआइ , वासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन, सिटीजंस फाउंडेशन, हॉट लिप्स, द रांची प्रेस क्लब और देशप्रिय क्लब का भी समय समय पर सहयोग मिलते रहा है।

# खाद्य सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय नामकुम के निर्देश पर असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार और अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्धेश्वर बास्के के मार्गदर्शन में खाद्य व्यापारियों को फॉस्टैक के जरिए 27-03-2025 को सदर अस्पताल सभागार में सुरक्षित खाद्य निर्माण और भंडारण संबंधित जानकारी दी गई। राँची में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत व्यापारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर को निःशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण प्रदान किया गया 7 मास्टर ट्रेनर ने व्यापारियों को मिलावट रहित, सुरक्षित, स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री का निर्माण करने एवं साफ सफाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार ने खाद्य




कारोबारियों को अखाद्य रंग का इस्तेमाल खाना बनाने में नहीं करने की अपील की। साथ ही अपने दुकान की साफ सफाई और अपने हाथों को अच्छे से धोकर ही खाना बनाने की बात कही।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्धेश्वर बास्के ने कहा कि सभी स्ट्रीट फूड वेंडर अपना फूड लाइसेंस लेकर ही खाद्य सामग्री बेचें। हॉकर वर्ग के खाद्य कारोबारियों का फूड रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के नियमों का पालन करते हुए अच्छे खाद्य सामग्री को बेचें एवं स्टाल की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर सुबीर रंजन, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी रांची, सुशांत कुमार जिला कंसलटेंट टोबैको कंट्रोल सेल, रांची, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के कर्मी और जिला के खाद्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्वों में दण्डाधिकारी कर्मीयों का अवकाश रद्द : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व 2025 रांची जिला में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है।

उक्त पर्वों में शान्ति-व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु सभी पदाधिकारी / दण्डाधिकारी कर्मियों का अवकाश रद्द करने का आदेश दिया साथ ही उन्होंने रांची जिले के




विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मी / पदाधिकारी इस अवधि में विशेष परिस्थिति में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची से अवकाश स्वीकृत कराकर ही कही प्रस्थान करने का निर्देश दिया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बचरा चार नंबर खेल मैदान में चल रहे तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का हुआ समापन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में मानव उत्थान सेवा समिति के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का बुधवार की रात को समापन किया गया।कार्यक्रम के समापन के मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल हुए। तीन दिवसीय इस सत्संग समारोह में कई सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि,यूनियन प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल होकर धार्मिक बातों की जानकारी प्राप्त की।पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने माला पहनकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया।इसके बाद उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से लोगों में धार्मिक बातों की जानकारी मिलती है और उन्हें धार्मिक ज्ञान प्राप्त होता है।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र व राज्य की सुख शांति और खुशहाली की कामना की।

## अनिल महतो टाइगर की हत्या के विरोध में मुरी सिल्ली में जोरदार प्रदर्शन सड़क जाम



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा के नेता वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर को बुधवार को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई! इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार के दिन सिल्ली मुरी बंद का ऐलान कर दिया गया! बंद को लेकर सिल्ली मुरी क्षेत्र में विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह से ही सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया गया! वहीं सिल्ली बुंडू चौक, सिंगपुर मोड़ समेत हर चौक चौराहे पर जाम कर दिया गया।इस जाम को लेकर सड़कों पर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतारें लग गई ! सिर्फ एमरजेंसी सेवाएं चालू रही।बंद के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी कर सरकार से अपराधियों की गिरफ्तारी कर कठोर से कठोर सजा दिलाने के नारा लगाने लगे साथ ही पुलिस प्रशासन हाय- हाय के नारे लगते रहे। जाम को सफल बनाने के लिए विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 5 घंटा जाम रखा गया! वहीं सिल्ली मुरी के दुकानदारों ने भी समर्थन देकर अपने अपने दुकानों को बंद रखा।

## खलारी बाजारटांड़ में रामनवमी पूजा का हुआ गठन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खलारी बाजारटांड़ रमनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने किया. बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही बैठक में रामनवमी पूजा समिति का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया.जिसमें अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष रोहित कुमार, सचिव अभिषेक सिंह विक्की, सहसचिव अभिषेक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष सत्यदेव वर्मा के अलावा कार्याकरिणी सदस्यों महेश झा, भोला केशरी, विकास कुमार गुप्ता, रौशन कुमार साहु, अनिल प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद सोनी, अशोक मिश्रा, महेश गोयल, सुनील सिंह, राजकुमार गुप्ता, सूरज प्रकाश शर्मा, विक्रम साव, सोनू कुमार साव, रवि प्रकाश शर्मा सहित अन्य को शामिल किया गया है.

## बैगलेस डे प्रोग्राम के तहत पीएम श्री जीएमएस खलारी में टेलरिंग व ब्यूटीशियन का कोर्स बच्चों को सिखाया गया



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बैगलेस डे प्रोग्राम के तहत बुधवार को पीएम श्री जीएमएस खलारी में टेलरिंग एवं ब्यूटीशियन का कोर्स बच्चों को सिखाया गया। इसके तहत विद्यालय में हस्त कौशल एवं जीवकोपार्जन कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण बच्चों को दिया गया। प्रशिक्षण में कक्षा छः से आठ वर्ग के बच्चों को टेलरिंग एवं ब्यूटीशियन का एक-एक घंटे का कोर्स सिखाया गया। बच्चों ने पूरे दिलचस्पी के साथ शिखा। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित यह प्रोग्राम वास्तव में बच्चों का उत्साह वर्धन कार्यक्रम था। बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों को प्रोत्साहित करना है।

# अनिल टाईगर की हत्या के खिलाफ आहुत बन्द का पिपरवार मे रहा व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रांची के कांके चौक में भाजपा नेता अनिल टाईगर की हुई हत्या के खिलाफ आहुत बन्द का पिपरवार कोयलाचल क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला।जानकारी के अनुसार अहले सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।बचरा चार नम्बर चौक स्थित खेल मैदान मे भाजपा और आजसु कार्यकर्ता एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की और बचरा चार नंबर चौक की दुकानों को बंद कराया।वही जेएलकेएम के समर्थकों ने भी इलाके में घूम-घूमकर दुकानों को बंद कराया।बन्द समर्थक बचरा झूला पुल के पास एकत्रित होकर नालेबाजी की और कोयला ढुलाई को ठप कर दिया। जिसके कारण सीएचपी सीपीपी परियोजना से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम ठप हो गया।इस दौरान सभी बन्द समर्थको ने राज्य सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।इस संबंध मे बंद समर्थकों ने बताया कि रांची के कांके चौक में दिनदहाड़े भाजपा नेता अनिल टाईगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई।राज्य मे कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आए दिन राज्य में हत्या, मर्डर,लूट डकैती जैसी घटना को अंजाम दिया जा रहा है,लेकिन इस पर लगाम लगाने में पुलिस पुरी तरह से विफल है।राज्य मे इन दिनो अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है।यही कारण है कि आये दिन राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की जा रही है।अनिल टाईगर की हत्या से आम जनता मे भी डर का माहौल बन गया है। बंद समर्थको ने राज्य सरकार से भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या में शामिल सभी आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने और उनके आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।इस मौके पर मोहन कुमार महतो,दीपक कुमार महतो, उगन महतो,नरेश महतो,काशीनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल,उमेश मेहता, शंभु गुप्ता,बबलु साव,तारकेश्वर महतो, धर्मनाथ महतो,रूपलाल महतो,बिजय महतो, राजेश महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।इधर बंद के दौरान सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम देखा गया।पिपरवार पुलिस के अलावा सीआईएसएफ की क्युआरटी टीम क्षेत्र में दिनभर गश्त करती रही।

# ओरमांझी थाना में आगामी ईद,रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** थाना क्षेत्र में आगामी ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व को लेकर थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.वहीं संचालन पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू उर्फ़ लाल शाहू ने किया।बैठक में अंचल अधिकारी उज्ज्वल सोरेन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी,उप प्रमुख रिजवान अंसारी,पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, तुलसी खरवार,जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे. बैठक का मुख्य उद्देश्य इन त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था. इस दौरान विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया. पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा ने कहा कि ओरमांझी में हमेशा से सभी समुदायों ने भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाया है. इस वर्ष भी इसे बनाए रखना है. साउंड बॉक्स (डीजे) बजाना वर्जित रहेगा. प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार है. अंचल अधिकारी उज्ज्वल सोरेन ने कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई,सड़क व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है ताकि त्योहारों में कोई असुविधा न हो. थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी. बैठक के अंत में प्रशासन ने नागरिकों से शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की. मौके पर समुद्र पाहन, रहीम अंसारी,हरिमोहन महतो, सुनील नायक, मुबारक अंसारी,मुखिया सावित्री देवी,अब्दुल सत्तार अंसारी, चतुर साहू, खलीक

# दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** डी. ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ गुरुवार को दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना से शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन सिंह थाना प्रभारी मुरी ओ. पी. ने शिक्षा और जीवन के फैसलों के बारे में बेहतर ढंग से समझने और सुनिश्चित करने का? निर्णय लेने की सलाह दी साथ हीं साथ साइबर अपराध और वाहन परामर्श पर आधारित दिशा-निर्देश जिसमें सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटना पर जिम्मेदारी का आभास कराया। उन्होंने कहा कि लोगों में मानवता होनी चाहिए ताकि वह सड़क दुर्घटना में लोगों की जान बचा सकें तथा आपातकालीन सेवा प्रदान कर सके। अनावश्यक लिंक और धोखाधड़ी वाले कॉल्स पर ध्यान न दें, किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, सीसीटीवी कैमरा और पासवर्ड के बारे में सुरक्षा, लड़कियों की सुरक्षा के तरीके तथा कई अन्य जानकारियां साझा की । उन्होंने किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए 1930 नंबर भी दिया। कार्यक्रम श्री नीरज गिरी कंप्यूटर शिक्षक द्वारा एक बहुत ही रोचक और आकर्षक सत्र का संचालन किया गया।

# बेड़ो प्रखंड में 10 किसानों के बीच सोलर पंप सेट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** किसान समृद्धि योजना के तहत बेड़ो प्रखंड में 10 किसानों को सोलर पंप सेट वितरित किया गया। इस योजना के तहत एक प्रखंड में अधिकतम 40 किसानों को ही लाभ दिया जा सकता है। योजना का उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी कृषि को सशक्त बनाना है। लाभुकों को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त कर किसी भी ऑनलाइन केंद्र में आवेदन करना होता है। आवेदन प्रक्रिया के दौरान ग्राम सभा की अनुमोदित कॉपी, जमीन की रसीद, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक और कुएं की तस्वीर जमा करनी होती है। ऑनलाइन आवेदन पूर्ण होने के बाद वसुंधरा कंपनी के अधिकारी फील्ड वेरिफिकेशन करते हैं। सत्यापन के बाद लाभुक को ऑनलाइन भुगतान करना होता है, जिसमें डीसी पंप के लिए रू18,175 और एसी पंप के लिए रू18,075 जमा करना अनिवार्य होता है।वितरण कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुश्री विनीता कच्छप, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका, नवल किशोर और कुदूस अंसारी उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव भी मौके पर मौजूद रहे। योजना से जुड़े अधिकारियों में बीटीएम शिवनारायण गोप, उद्यान मित्र बिंदेश्वर गोप, कृषि मित्र तबरेज अंसारी और इशराक मालिक कार्यक्रम में शामिल हुए। सप्लायर आनंद बड़ाइक ने भी वितरण प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सभी लाभुक उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार एवं प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से सिंचाई व्यवस्था में सुधार होगा और उनकी खेती को नई दिशा मिलेगी।

## पिपरवार कोयलांचल में आज अदा की जाएगी अलविदा जुमे की नमाज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रमजान महीने के आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमे की नमाज आज अदा की जाएगी। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।गर्मी और कड़ी धूप को देखते हुए कई मस्जिदों में टेंट लगाया गया है,इससे नमाज पढ़ने वाले रोजेदार एवं नमाजियो को नमाज पढ़ने में राहत मिलेगी।पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद के अलावा बहेरा,कल्याणपुर, न्यूमंगरदाहा,राय और पुरानीराय मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा करने को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। रमजान महीने का आखिरी जुम्मा होने के कारण आज अलविदा जुम्मा के अवसर पर क्षेत्र के सभी मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।नमाजियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसको लेकर अंजुमन के द्वारा भी विशेष तैयारी की गई है।ज्ञात हो कि रमजान महीने में जुमे का महत्व काफी अहम माना गया है। वहीं आखिरी जुमे को अलविदा जुमा से जाना जाता है।अलविदा जुमे के दिन लगभग सभी लोग मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं।इधर बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लोगों से समय पर मस्जिद पहुंचकर अलविदा जुमे की नमाज अदा करने की अपील की है।

## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाया जाने वाले ईद,सरहुल एवं रामनवमी पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में आज दोपहर तीन बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार थाना क्षेत्र में ईद,सरहुल एवं रामनवमी पूजा आपसी भाईचारगी एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।बैठक मे क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि,पत्रकार, राजनैतिक दल,पूजा समिति के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग व सामाजिक कार्यकर्ता से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

## झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में जी डी पब्लिक स्कूल को 26 मेडल




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में जी डी पब्लिक स्कूल,पैका, अनगड़ा के बच्चों को कुल 5 गोल्ड,9 सिल्वर मेडल और 12 कांस्य पदक मिलाकर कुल 26 मेडल प्राप्त हुए हैं। नैना कुमारी को -55 किलोग्राम वर्ग कुमीते में गोल्ड मेडल, जितेश स्वांसि को सब जुनियर -35 किलोग्राम वर्ग कुमीते में गोल्ड मेडल, रितिका मुंडा को 13×14 बर्ष केटेगरी काता में गोल्ड मेडल और टीम कुमीते में नितेश कुमार महतो और प्रवीण कुमार महतो ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। रोशन महतो और भवानी कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खुशी कुमारी, अंजलि कुमारी, अभिजीत रजक,अतिश कुमार महतो , आकाश हाजाम, रिशभ महतो ,करन महतो ने ब्राउंज मेडल प्राप्त किया।खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से स्कूल के चेयरमैन दुर्गा महतो प्रिंसिपल लक्ष्मण महतो कराटे कोच संदाई उमाशंकर महतो और सभी शिक्षकगण काफी खुश हैं। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकैडमी के तकनीकी निदेशक शिहान? सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को बहुत बहुत बधाई देते हुए कहा कि अब हमारी तैयारी मई महीने में होने वाले नेशनल कराटे चैंपियनशिप की है जो खेलगांव रांची में होने वाला है और उसमें हमारे झारखंड राज्य के खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में हुनर है तो कद्र है प्रशिक्षण का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची द्वारा झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर बेसिक प्रशिक्षण शिविर हुनर है तो कदर है का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन टूल रूम के प्रिंसिपल एम के गुप्ता एवं एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव डॉ मधुसूदन पांडे श्री आशुतोष मिश्रा उत्तम नारायण सिंह गौरव कुमार एक्यूप्रेशर परिषद से डॉक्टर बलराम महतो अजय मुंडा के द्वारा किया गया यह प्रशिक्षण शिविर 27 मार्च से 29 मार्च तक चलेगा एवं 2 अप्रैल झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस को सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा दिया जाएगा जिसकी जानकारी एक्यूप्रेशर परिषद सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी श्री पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर ही एक ऐसा व्यवस्था है जिससे हम जटिल से जटिल बीमारियों का बिना जांच बिना दवा बिना चिरफाड का इलाज कर सकते हैं वर्तमान समय में अंग्रेजी दवा से कोई मुकाबला कर सकता है तो वह एक्यूप्रेशर ही है जरूरत है इसे अपने और प्रचार प्रसार की बच्चों का प्रशिक्षण डॉक्टर बलराम महतो अजय मंडा नरेश महतो महेश प्रजापति रुकमणी कुमारी सरस्वती कुमारी लपम कुमारी एवं ललिता कुमारी के द्वारा दिया जाएगा कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा किया गया।

# भाजपा नेता अनिल टाइगर के निर्मम हत्या के विरोध में रांची बंद का व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भाजपा नेता,पूर्व जिला परिषद सदस्य सह जिला महामंत्री अनिल टाइगर का अपराधियों द्वारा निर्मम एवं जघन्य हत्या के विरोध में रांची बंद का व्यापक असर टाटीसिलवे, महलोंग, सेनेटोरियम, आरागेट, नामकुम, लोहाडीह में देखने को मिला।प्रातः से ही टाटीसिलवे मंडल,नामकुम मंडल ,लोहाडीह मंडल,आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता सड़कों पर उतरे हुए थे।कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लेकर पुलिस प्रशासन होश में आओ,अनिल टाइगर के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करो,हत्यारों को फांसी दो,हेमन्त सरकार हाय हाय के नारे लगा कर गिरती कानून व्यवस्था पर चिंता प्रकट कर रहे थे।सड़कों पर एक दुक्का दो पहिया वाहन छोड़कर सड़के एवं स्टैंड सुनी थी। व्यवसाई एवं दुकानदार ने अपनी दुकानें स्वेच्छा से बंद रखी थी।नामकुम व टाटीसिलवे के थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं रंजीत कुमार सिन्हा स्थिति पर नजर बनाए हुए,सड़कों पर पुलिस की लगातार गस्त कर रही थी।रांची बंद को सफल बनाने में पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा,भाजपा नेता राजन साहू, मनेस महतो,राजेश मिश्रा, नागेश्वर महतो,संतोष कुमार महतो,मुक्ति नाथ मिश्रा,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,अरविन्द सिंह,मदन सिंह, पुनित गोयल, भाजपा नेत्री माधुरी देवी,आजसू नेता काशीनाथ महतो, जे एल के एम नेता लखींद्र महतो,सुमित महतो,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,मनोज सिंह,अशोक मुंडा, पिंटू कुमार, रिंकू कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी और बतख का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी और बतख चुजा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार से जोड़ना है। मुख्य प्रभारी पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार की उपस्थिति में 20 लाभुकों को बकरी और 36 लाभुकों को बतख चुजा वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि सरकार अनुदान पर पशुधन उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि बकरी पालन एक लाभकारी व्यवसाय है, जिससे किसान अपनी आमदनी बढ़ाकर आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को चार बकरियां और एक बकरा दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से इस सरकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना पशुपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खोल रही है। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, करमा उराँव, प्रधान सहायक मो. नदीम, सप्लायर रिकी, सोयब अंसारी, कुदूस खान, जकीर अंसारी व बिरसा उराँव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पोटका में सड़कों का होगा चौड़ीकरण और मजबूतीकरण

● विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की खास मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खास मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जर्जर सड़कों के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और 4-लेनिंग को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री को पोटका, डुमरिया और जमशेदपुर प्रखंडों के तहत आने वाली कई महत्वपूर्ण सड़कों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और इनके समुचित विकास की मांग रखी। उन्होंने बताया कि खराब सड़कों के कारण न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक संजीव सरदार की मांगों को गंभीरता से सुना और इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण इलाकों के सड़कों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। विधायक संजीव सरदार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस मुलाकात के दौरान पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर-कोवाली मार्ग, डुमरिया प्रखंड के विभिन्न सड़क मार्गों, जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन-भाया करनडीह और



हाता-टाटा सड़क मार्ग सहित कुल 9 महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण पर चर्चा हुई।

**इन सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण की मांग की गई :**

1. पोटका प्रखंड अंतर्गत हल्दीपोखर कोवाली आरसीडी मुख्य पथ गंगाडीह चौक से खैरपाल होते हुए भाया देवली चौक, ऊपर आमदा होते हुए आमलातोला, पोड़सागोड़ा चौक से गोबरगोड़ा, सिदाडीह, मानपुर, हाता-जादूगोड़ा आरसीडी मुख्य पथ दाबकी चौक तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण ।
2. पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली डुमरिया आरसीडी मुख्य पथ से काशियाबेड़ा, नारदा भाया कुंदरूकोचा होते हुए उड़ीसा सीमा तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण।
3. पोटका प्रखंड अंतर्गत गंगाडीह से पोड़ाडीहा, जानमडीह, पांड्राशोली होते हुए हरिणा बुनुडीह आरसीडी मुख्य पथ भाया बोड़ामपुट, भालकी होते हुए हरिणा ग्राम तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण ।
4. पोटका प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर जादूगोड़ा आरसीडी मुख्य पथ नीमपूरा चौक से कुलियाना घाट होते हुए खड़िया कॉलोनी तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण ।
5. डुमरिया प्रखंड अंतर्गत खैरबनी आरसीडी मुख्य पथ से बांकीशोल होते हुए मुसाबनी, डुमरिया आरसीडी मुख्य पथ तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण ।
6. डुमरिया प्रखण्ड अंतर्गत मारांगसोंघा से नरसिंहबहल होते हुए सातवाखरा लुकापानी तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण।
7. जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत टाटानगर स्टेशन भाया करनडीह से सुंदरनगर तक डीवाईडर एवं आरसीडी पथ का चौड़ीकरण।
8. जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत हाता टाटा आरसीडी मुख्य पथ भुरीडीह से हाकेगोड़ा से प्राथमिक विद्यालय भीतरदाड़ी से मधुडीह भाया भीतरदाड़ी से बाहरदाड़ी टाटा हाता आरसीडी मुख्य पथ तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण ।
9. जमशेदपुर - हाता आरसीडी मुख्य पथ खासमहल से सुंदरनगर के बीच पथ का फोर लेनिंग।

## बीआईटी मेसरा के राष्ट्रीय सम्मेलन में जैव प्रौद्योगिकी और सतत विकास पर चर्चा




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा, रांची में 'सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन संस्थान की 70वीं वर्षगांठ समारोह का प्रमुख हिस्सा है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना, जैव इंजीनियरिंग एवं जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष प्रो. कुणाल मुखोपाध्याय और कार्यक्रम संयोजक डॉ. शश्वती घोष सचन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग अग्रवाल (आशोका विश्वविद्यालय, सोनीपत) और विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक कृष्ण सिन्हा (एनआईपीजीआर, नई दिल्ली) ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (एनएएसआई), झारखंड अध्याय द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में प्रो. मन्ना ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दिया। डॉ. अग्रवाल ने अपने भाषण ष्एआईरू बायोलॉजी में अदृश्य सूक्ष्मदर्शीष् में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जैविक अनुसंधान में प्रभाव को रेखांकित किया। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी, जैव सुरक्षा, जीनोमिक्स और द्वितीयक कृषि पर महत्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किए। आईआईटी खड़गपुर के डॉ. पिनाकी सार ने भारत की जैव सुरक्षा नीतियों पर चर्चा की, जबकि आईआईएसी रांची के डॉ. सुजय राकेशीत ने विंग बीन का जीनोम अनुक्रमण साझा किया। यह सम्मेलन जैव प्रौद्योगिकी और सतत विकास के क्षेत्र में शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है।

## सैमसंग का किफायती कीमत में दमदार एआई फीचर्स के साथ गैलेक्सी ए26 5जी लॉन्च




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई की ताकत के साथ अपना सबसे किफायती स्मार्टफोन गैलेक्सी ए26 5जी लॉन्च किया है। यह फोन स्टाइल, ड्यूरेबिलिटी और इनोवेशन का बेहतरीन संयोजन पेश करता है, जिससे यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए एक परफेक्ट डिवाइस बन जाता है। गैलेक्सी ए26 5जी में 'ऑसम इंटेलिजेंस' फीचर दिया गया है, जिसमें गूगल के साथ सर्कल टू सर्च, एआई सिलेक्ट, ऑब्जेक्ट इरेज़र और माई फिल्टर्स जैसे स्मार्ट फीचर्स शामिल हैं। यह फोन 6.7-इंच सुपर एमोलेड डिस्प्ले और 120एचजेड रिफ्रेश रेट के साथ शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। फोन में एक्सिनोस 1380 प्रोसेसर, 5000एमएएच बैटरी, 25डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग, और वैपर चैंबर कूलिंग सिस्टम दिया गया है, जिससे गेमिंग और मल्टीटास्किंग बेहतरीन होती है।

## अनुमंडल बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष बद्री प्रसाद एवं सचिव महेन्द्र कुमार निर्विरोध चुने गए




**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल बार एसोसियन चांडिल में बार कार्यालय में गुरुवार को निर्वाचन स्टेट बार एसोसिएशन के सदस्य एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक अनिल कुमार महतो की निगरानी में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर बद्री प्रसाद साहू, सचिव पद पर महेन्द्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष पद पर नवनीकांत सिंह निर्विरोध चुने गए। वहीं अधिवक्ता द्वारा मत का प्रयोग करते हुए संयुक्त सचिव पद पर अजय कुमार गोप, कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार महतो, पुस्तकालय प्रभारी पद पर संजीव कुमार सिंह पात्र और कार्यकारी सदस्य विदु भूषण महतो चुने गए। चांडिल अनुमंडल बार के कार्यालय पदधारियों के निर्वाचन समिति के सदस्य सांत राम हेम्ब्रम, विमल चंद्र मंडल तथा कमलाकांत महतो ने कुशल पूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कर विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करोमौके पर देवाशीष कुंडु,कमलेश कुमार सिंह,शिवेश्वर महतो, अशोक कुमार साहू,सुनील मानकी, विश्वनाथ कालिंदी,मृत्युंजय महतो,ठाकुरदास महतो सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## नरभेराम ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने प्रिंसिपल कल्पना रावल को दिया समारोहपूर्वक विदाई



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नरभेराम ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने कुसुम कमानी ऑडिटोरियम लॉबी में आज नरभेराम हंसराज गुजराती एम ई स्कूल की प्रिंसिपल कल्पना रावल का विदाई समारोह का आयोजन किया।श्रीमती रावल पिछले 36 वर्षों से स्कूल में अपनी सेवाएं दे रही हैं। विदाई समारोह में नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के अध्यक्ष नकुल कमानी ने स्कूल के प्रति उनके योगदान और समर्पण के बारे में बताया। प्रबंध समिति के सदस्य और नरभेराम हंसराज गुजराती एम ई स्कूल के सचिव विजय मेहता ने भी उनकी बहुत प्रशंसा की। कल्पना रावल ने अपनी लंबी यात्रा को याद किया और श्री नकुल कामानी और प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों को उनके मार्गदर्शन और निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्हें नकुल कामानी और विजय मेहता द्वारा उपहार भेंट किए गए। विदाई समारोह में नरभेराम हंसराज गुजराती एम ई स्कूल, डी एन कामानी हाई स्कूल और नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के शिक्षक शामिल हुए।

## वक्फ संशोधन बिल के विरोध में जुमे के दिन काली पट्टी पहन कर विरोध करें : काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज़ाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के द्वारा लाया गया असंवैधानिक वक्फ़ संशोधन बिल देश के 25 करोड़ मुसलमानों से उनके द्वारा अल्लाह के लिए दान किये गए ज़मीन को हड़प करने एवं भारत में लगातार हिन्दू मुस्लिम दंगा को बढ़ावा देने वाला बिल है जिससे मुसलमानो की खुद की ज़मीन हमसे छीन ली जाएगी और उनके मदरसे, खानकाहें, कब्रिस्तान, मस्जिदें इत्यादि को हड़प लिया जायेगा, इस काले कानून का आज़ाद समाज पार्टी पहले दिन से विरोध कर रही है और जब तक यह बिल रद्द नही होता विरोध जारी रहेगा। उन्होंने मुसलमानो से अपील की है कि कल रमज़ान के आखरी जुमे में काली पट्टी लगा कर इस काले कानून का विरोध करें और जो पार्टियां इस काले कानून का समर्थन कर रही है उस पार्टी के मुस्लिम नेताओं का सामाजिक बहिष्कार करिए, ऐसे बुजदिल के ईमान फरोशों से हमें कोई रिश्ता नही रखना चाहिए। काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने कहा कि इस काले कानून की भारत के हर अमन पसंद और संविधान के मानने वाले नागरिक को विरोध करना चाहिए, क्योंकि यह संविधान के द्वारा दिये गए मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है, और इस बिल के द्वारा इस देश के संविधान को खत्म करने की शुरुआत होगी, इससे पहले भी ऐसी कई कोशिशें की जा चुकी है पर भारत के संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों के विरोध के कारण ऐसे बिल को पास होने से रोका गया। आज़ाद समाज पार्टी, भीम आर्मी देश के संविधान को उनसे मौलिक रूप में लागू करने को लेकर संघर्ष करती रही है और करते रहेगी, आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद नगीना पूरी मजबूती के साथ इस बिल के विरोध में संसद में और सड़क पर लड़ रहे हैं और इसके विरोध में लगातार आवाज़ उठा रहे हैं।

## एक्सएलआरआइ में 100 फीसदी प्लेसमेंट, इंटरनेशनल में 1.10 करोड़ व डॉमेस्टिक में सर्वाधिक 75 लाख के पैकेज पर हुए लॉक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ के शैक्षणिक सत्र 2023-2025 के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ। दो वर्ष के पीजीडीएम (बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ) बैच के सभी 591 स्टूडेंट लॉक हो गए। इस बार भी एक्सएलआरआइ के जमशेदपुर और दिल्ली एनसीआर कैंपस के 100 फीसदी विद्यार्थी लॉक हुए। इस बार रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 172 कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 591 विद्यार्थियों के बीच 589 स्वदेश में जबकि दो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया। इसमें 41 ऐसे नये रिक्रूटर थे, जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को लॉक किया। विद्यार्थियों को कुल 600 से अधिक ऑफर किए गए। इस बार प्लेसमेंट में खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गये कुल 34.17 प्रतिशत विद्यार्थियों को उनके समर प्लेसमेंट में उनके द्वारा बेहतर कार्य करने की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर ( पीपीओ ) मिल चुका था। प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली दोनों ही कैंपस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।




**दो चरणों में हुई फाइनल प्लेसमेंट**

- पहला चरण - लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी) - जनवरी 2025 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गयी थी।
- दूसरा चरण - कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) - फरवरी 2025 में एक ही दिन में आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था. सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया।

**बदलते आर्थिक माहौल के बावजूद रहा शानदार प्लेसमेंट : डायरेक्टर**

एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की. उन्होंने कहा कि बदलते आर्थिक माहौल के बावजूद संस्थान के छात्रों ने अपनी काबिलियत व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। इस साल की प्लेसमेंट प्रक्रिया में इंडस्ट्री का जबरदस्त रुझान इस बात का प्रमाण है कि एक्सएलआरआइ के छात्र कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हैं। डॉ एस जॉर्ज ने कहा कि संस्थान के ये छात्र कल से रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेंगे।

**एक्सएलआरआइ के फाइनल प्लेसमेंट 2025 की मुख्य बातें**

इस बैच को दिया जाने वाला औसत वेतन 29.0 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 52.03 लाख जबकि शीर्ष 25 पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों तक का औसत पैकेज 44.35 लाख रुपये प्रति वर्ष था।

नये रिक्रूटरों की संख्या- 41

सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आइटीईएस सेक्टर से ऑफर दिये गये।

एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एचयूएल, आईटीसी,एशियन पेंट्स, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिये।

34.17 त्र छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए

**सेक्टर वाइज प्लेसमेंट**

- एक्सलर्स को दिये गये ऑफर में सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, आईटीईएस, ई-कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग व जेनरल मैनेजमेंट थे। कंसल्टिंग फर्मों ने 26त्र उम्मीदवारों को ऑफर दिया. इसमें मैकेंजी, बीसीजी, एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, इनफोसिस, केपीएमजी, ईवाई पार्थेनन, किर्नी, पीडब्ल्यूसी जैसी कंपनियां शामिल हैं।
- बीएफएसआइ ने 22 त्र विद्यार्थियों को लॉक किया. गोल्डमैन सैक्स, सिटी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी एर्गो, कोटक महिंद्रा बैंक, बार्कलेज, डॉयचे बैंक, एचएसबीसी, मास्टरकार्ड आदि शामिल हैं।
- सेल एवं मार्केटिंग (18त्र)ः एचयूएल, आईटीसी, नेस्ले, पी एंड जी, एशियन पेंट्स, डाबर, गोदरेज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, लोरियल आदि शामिल हैं।
- आईटी, ई-कॉमर्स और टेक (15त्र)ः अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट, फेडेक्स, ओला, मेशो, जोमैटो, वीवो, यूकेजी, जेनपैट आदि शामिल हैं।
- जनरल मोटर्स और पीएसयूः आदित्य बिड़ला ग्रुप (एबीजी), कैपजेमिनी, रिलायंस, टीएएस, महिंद्रा, वेदांता, ओएनजीसी, बीपीसीएल, आईओसीएल आदि शामिल हैं।
- एचआर रोल्सः अमेजन, फ्लिपकार्ट, टाटा स्टील, आईटीसी, सन फार्मा, एचयूएल, वेदांता, रिलायंस, एक्सेंचर टीएपी, एयरटेल आदि शामिल हैं।

## मुआवजा व नौकरी की मांग को ले आधुनिक पावर के गेट पर प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मुआवजा और नौकरी देने की मांग को लेकर कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स कंपनी गेट के समक्ष गुरुवार को कई गांव के लोगों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आधुनिक पावर प्लांट कंपनी लगे करीब 15 वर्ष बीत गए, लेकिन प्रबंधन की ओर से आज तक उन्हें मुआवजा और नौकरी देने पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी सह जमीनदाता प्रधान माझी ने बताया कि कंपनी स्थापना से पूर्व जमीनदारों से एक स्थाई नौकरी देने की बात कही गई थी। इसके अलावा सभी गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य व साफ-सफाई की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी थी। किन्तु, अब कंपनी प्रबंधन इन सभी वादों से मुकर गई है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन द्वारा हमारी मांगों को नहीं माने जाने पर हम अनिश्चितकालीन गेट जामकर ग्रामीण आत्मदाह भी करेंगे। हालांकि, ग्रामीणों की मांग को लेकर कंपनी के एचआर हेड अनिल कुमार सोनी ने बताया कि कंपनी में पहले ही 137 ग्रामीणों को स्थाई एवं 400 ग्रामीणों को अस्थाई नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि किसी तथाकथित समिति का सांकेतिक धरना पर बैठना समझ से परे है। कंपनी में पहले से ही स्थापित एवं मान्यता प्राप्त पावर प्रोजेक्ट विस्थापित प्रभावित स्वावलंबी श्रमिक सहयोग समिति सक्रिय है एवं इस तरह के मामले समिति के माध्यम से ही अनुशंसित होते हैं।

## एनएचईएस के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय स्क्रिबल दिवस

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल के नर्सरी के छात्र राष्ट्रीय स्क्रिबल दिवस के राष्ट्रव्यापी उत्सव में शामिल हुए। एनएचईएस का मानना है कि हर बच्चा एक कलाकार है, और स्क्रिबलिंग उनकी रचनात्मक यात्रा का पहला कदम है। इस रोमांचक दिन ने नन्हे-मुन्नों को मज़ेदार और आकर्षक तरीके से रंगों, आकृतियों और कल्पना का पता लगाने का मौका दिया। बच्चों ने क्रेयॉन से स्क्रिबलिंग करके, स्क्रिबल्स को मज़ेदार पात्रों और कल्पनाशील डिज़ाइनों में बदलकर इस दिन का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि स्क्रिबलिंग सिर्फ़ मज़ेदार नहीं है - यह बढ़िया मोटर कौशल, आत्म-अभिव्यक्ति और कला के प्रति प्रेम विकसित करने में मदद करता है।

## पटमदा व कमलपुर थाने में भूमि विवाद समाधान दिवस पर दो मामले का हुआ निपटारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पटमदा व कमलपुर थाने में बुधवार को भूमि विवाद संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर भूमि विवाद समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रत्येक गुरुवार को भूमि विवाद दिवस को जमीन संबंधी मामले का निपटारा किया जाता है। पटमदा थाने में दो एवं कमलपुर थाने में पांच मामले सामने आया, जिसमें से दोनों ही थानों में एक एक मामले का समाधान किया गया। मौके पर पटमदा थाने में अंचल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास व थाना प्रभारी करमपाल भगत एवं कर्मचारी मौजूद थे। जबकि कमलपुर थाने में सीओ डॉ. राजेंद्र कुमार दास, थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, सीआई, हल्का कर्मचारी व आमीन आदि उपस्थित थे। इस दौरान भूमि सीमांकन, नामांतरण, भूमि दखल, म्यूटेशन आदि से संबंधित आवेदन फरियादियों से लिए गए।

## असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान है मुड़कुम के ग्रामीण, सीएनटी फ्री अपनी जमीन को नहीं बेच पा रहे लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़कुम गांव के लोग स्थानीय कुछ असामाजिक तत्वों की करतूत से परेशान हैं। ग्रामीणों ने गम्हरिया स्थित होटल पारस में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि गांव के गैर सीएनटी प्रभावित वर्ग के लोग अपनी जमीन डेवलपर को बेचना चाहते हैं ताकि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके और बेटियों की शादी कर सकें। लेकिन गांव के कुछ असामाजिक तत्व एक नई राजनीतिक पार्टी का चोला ओढ़कर यहां जमीन को बेचने से उन्हें रोक रहे हैं। उनकी जमीन पर शाम से सुबह तक आठ से दस की संख्या में ये लोग शराब पीते हैं। उनकी जमीन को देखने के लिए आनेवाले ग्राहकों को भड़काते हैं। प्रशासन को सरकारी जमीन बताकर शिकायत करते हैं और खुद जेसीबी लगाकर बाउंड्री को तोड़वा देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपनी 50 एकड़ जमीन सीतारामपुर डैम को दिया है। अब किसी तरह का रोजी रोजगार उनके पास नहीं है, इसलिए अपनी जमीन को बेचकर बच्चों के स्कूल का फीस और परिवार का भरण पोषण करना चाहते हैं। लेकिन राजेश महतो, अमृत महतो नामक व्यक्ति आठ से दस की संख्या में उनकी जमीन पर भयादोहन करने के उद्देश्य से परेशान कर रहे हैं। यही नहीं शिव साई कंस्ट्रक्शन डेवलपर को ये लोग रास्ते में रोककर 10 लाख की रंगदारी तक की मांग की। जिसकी शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज करवाई गई है। इनके आतंक से सभी गैर सीएनटी प्रभावित लोगों के जीवन यापन पर आफत आ गया है। क्योंकि उनके पास जमीन ही



है जिसे बेचकर अपना परिवार चलाते हैं। ग्रामीणों ने मांग किया है कि अंचल कार्यालय उनकी जमीन का सरकारी मापी कर दें और जमीन बेचने के लिए पुलिस उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। मौके पर शक्तिपदो सिंह, देवाशीष सिंह, नवकुमार सिंह, कानू गोराई, भीम मंडल, मनसा कैवर्त, अधिराज सिंह देव, प्रदीप चौधरी, भूपति चौधरी, सबुज चौधरी, नकुल मंडल, रविन्द्र मंडल, सुमन मंडल, धीरज सोनार आदि मौजूद थे।

**पांच एकड़ जमीन शिव साई ने लिया है, ग्राहक लेकर जाने पर बना लिए बंधक**

शिव साई कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर ललित कुमार झा ने बताया कि उन्होंने पांच एकड़ गैर सीएनटी जमीन ग्रामीणों से खरीदा है। लेकिन राजेश महतो, अमृत महतो तथा अन्य उनसे 10 लाख की रंगदारी मांगी। उनकी गाड़ी को रोककर बंधक बना लिया था। पुलिस ने उन्हें सही सलामत छुड़वाया है। वे ग्रामीण युवाओं को खेलकूद से लेकर अन्य सहायता करते रहे हैं। लेकिन चंद लोग इस तरह से उन्हें परेशान कर रहे हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

● एसएसपी, डीएफओ, एसडीएम, रूरल एसपी सहित सभी विभागीय पदाधिकारी वीसी से जुड़े

● खनिजों के अवैध खनन, परिवहन के रोकथाम हेतु बनाये जाएंगे चेकपोस्ट, बंगला ईंट भट्ठा संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आहूत बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी जुड़े। उपायुक्त ने जिला में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर सभी सीओ एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर टास्क फोर्स की संयुक्त कार्रवाई हो। सीमावर्ती राज्यों से सटे प्रखंडों में अवैध खनिज परिवहन को लेकर प्राप्त शिकायतों पर सूचना का सत्यापन करते हुए ठोस कार्रवाई करें। खनन टास्क फोर्स अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें तथा सभी विभाग एक दूसरे से सूचना साझा करते हुए खनिज के अवैध कारोबार पर लगाम लगायें । खनिज परिवहन के चिन्हित मार्गों पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर को चेकपोस्ट स्थापित करते हुए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध जनवरी 2025 से अबतक 38 प्राथमिकी दर्ज करते हुए अंचल अधिकारी स्तर से तीन वाहन तथा थाना द्वारा 14 वाहन एवं जिला खनन कार्यालय की कार्रवाई में 13 वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं, 3 लाख 34 हजार जुर्माना राशि की वसूली की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कुल 161 मामलों में 80 प्राथमिकी दर्ज करते हुए 183 वाहन जब्त किए गए हैं तथा अवैध कारोबारियों से 46 लाख 3 हजार 500 रुपए जुर्माना राशि वसूला गया है। बैठक में खनन कार्यालय द्वारा जब्त 2000 सीएफटी बालू के जल्द निलामी का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा डीटीओ को ओवरलोड वाहन एवं बिना




नंबर प्लेट वाली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया । उन्होंने कहा कि जिला में अवैध रूप से किसी भी वाहन का संचालन नहीं हो इसे परिवहन पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे । साथ ही अवैध रूप से संचालित बंग्ला ईंट भट्ठा को लेकर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया । प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 13 ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस किया गया है । कारखाना निरीक्षक को जिला में स्थापित क्रशर लाइसेंस की वैधता की जांच तक का निर्देश दिया गया ।

वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा दूसरे राज्यों से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों के अवैध परिवहन पर रोकथाम हेतु बल दिया गया । वहीं, वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन के मामलों में त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एसडीओ घाटशिला, डीटीओ, डीएमओ, सभी सीओ, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कारखाना निरीक्षक व सभी थाना प्रभारी जुड़े।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


विचार प्रवाह

संपादकीय

# संविधान, आरक्षण पर सियासत

**संविधान** में संशोधन संसद में ही किया जा सकता है। यह संसद का विशेषाधिकार है। संविधान में संशोधन विधानसभा के स्तर पर नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रस्तावित बिल को विधानसभा पारित करना चाहती है, तो उसे केंद्र सरकार या राष्ट्रपति को भेजना पड़ता है। यह उनका विशेषाधिकार है कि बिल पारित करें या उसे लौटा दें। संसद में अभी तक 106 संविधान संशोधन पारित किए जा चुके हैं। संविधान पर फिजूल ही सियासत की जा रही है। चूंकि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को सरकारी ठेकों में 4 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया है, लिहाजा उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'संविधान बदलने' का जो बयान दिया है, वह बेमानी, असंवैधानिक है। भाजपा ने इसे लपक लिया है। उप मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने तक की मांग की गई है। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने यहां तक कहा है कि कांग्रेस संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। संविधान में बाबा अंबेडकर ने साफ किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब कांग्रेस उसे बदलने की कोशिश कर रही है। संविधान बचाने की सियासत अब भाजपा के हाथों में है, जबकि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक फर्जी नेरेटिव फैलाया गया था कि भाजपा सरकार में आई, तो संविधान और आरक्षण को खत्म कर देगी। इस नेरेटिव का विपक्षी दलों को अच्छा फायदा मिला और उनकी संसदीय सीटें बढ़ गईं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार सामान्य बहुमत हासिल नहीं कर पाई और 240 सीटों पर ही ठहर गई। संविधान और आरक्षण पर सियासत क्यों और कैसे की जा सकती है, जबकि ये हमारे लोकतंत्र के स्थापित सत्य हैं। संविधान सभा के जरिए भारत का संविधान तय किया गया और संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई। हालांकि आरक्षण सिर्फ 10 साल के लिए ही था, लेकिन संविधान लागू हुए 75 लंबे साल गुजर चुके हैं, लेकिन आरक्षण आज भी जारी है। अब तो आरक्षण एक राजनीतिक हथियार और वोट बैंक का आधार बन चुका है। हमारे पुरखों ने जो संविधान तैयार किया था, उसके अनुच्छेद 15 में धर्म, जाति, लिंग, जन्म-स्थान, रंग, नस्ल और मूल वंश के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया गया है। अनुच्छेद 16 में पिछड़ों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। सर्वोच्च अदालत ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी तय कर रखी है, लेकिन राज्य सरकारें 'संवैधानिक चालाकी' खेल कर, पिछड़ों के कोटे में ही, अन्य वर्गों को आरक्षण का प्रस्ताव पारित कराती रही हैं। कर्नाटक में 4 फीसदी मुस्लिम आरक्षण ऐसा ही है। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटा बढ़ा कर 42 फीसदी कर दिया है। यकीनन ये संविधान का उल्लंघन हैं और सर्वोच्च अदालत इन आरक्षणों को निरस्त कर सकती है। दरअसल यह अपना वोट बैंक पुख्ता करने और बढ़ाने की सियासत भर है। दरअसल अब 2025 में आरक्षण की व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। जिनके लिए करोड़ों रुपए के ठेके में आरक्षण तय किया गया है, जाहिर है कि वे इतने सम्पन्न, समृद्ध तो होंगे कि ठेके ले सकें और फिर काम कर सकें। बहरहाल, आरक्षण की समीक्षा ही समाधान है।

संविधान में संशोधन विधानसभा के स्तर पर नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रस्तावित बिल को विधानसभा पारित करना चाहती है, तो उसे केंद्र सरकार या राष्ट्रपति को भेजना पड़ता है। यह उनका विशेषाधिकार है कि बिल पारित करें या उसे लौटा दें। संसद में अभी तक 106 संविधान संशोधन पारित किए जा चुके हैं। संविधान पर फिजूल ही सियासत की जा रही है। चूंकि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को सरकारी ठेकों में 4 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया है, लिहाजा उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'संविधान बदलने' का जो बयान दिया है, वह बेमानी, असंवैधानिक है। भाजपा ने इसे लपक लिया है। उप मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने तक की मांग की गई है। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने यहां तक कहा है कि कांग्रेस संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। संविधान में बाबा अंबेडकर ने साफ किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब कांग्रेस उसे बदलने की कोशिश कर रही है। संविधान बचाने की सियासत अब भाजपा के हाथों में है, जबकि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक फर्जी नेरेटिव फैलाया गया था कि भाजपा सरकार में आई, तो संविधान और आरक्षण को खत्म कर देगी।

### शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

ललित गर्ग

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है

**कांग्रेस** एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने ऐलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के



चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है? दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी। गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है।

दृष्टि कोण

# कचरा-कचरा जिंदगी, समस्या और समाधान

**सबसे** ज्यादा समस्या प्लास्टिक कचरे से पैदा हो रही है। वैसे तो यह सार्वभौमिक समस्या बन गई है, किंतु पर्वतीय क्षेत्रों के लिए तो यहां की पर्यटन पर आधारित आजीविका के लिए ही खतरा पैदा हो गया है। इस समय दो करोड़ के लगभग पर्यटक वर्षभर में आते हैं। यानी यहां की जनसंख्या से तीन गुणा। सरकार इस संख्या को पांच करोड़ करना चाहती है। आर्थिक दृष्टि से यह आजीविका और सरकारी आय के लिए लाभप्रद ही सिद्ध होने वाला है। किंतु पर्यटन अपने साथ अनेक समस्याएं और प्रकृति पर दबाव भी लाता है। इनमें से कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी भी अवश्यंभावी समस्या है। वर्तमान कचरा प्रबंधन की स्थिति देख कर लगता है कि हम आने वाले दबाव को कैसे झेल पाएंगे, जबकि वर्तमान स्थिति को ही हम संभालने में असमर्थ सिद्ध हो रहे हैं। शहरों में भी कचरा जगह-जगह खुले में जलाने के दृश्य देखे जा सकते हैं। यहां तक कि कचरा निष्पादन स्थलों में भी कचरा जलाया जाता है। यह सीधा बीमारी को निमंत्रण है। गांव की तो हालत और भी खराब है। आजकल ज्यादातर दैनिक जरूरतों के सामान पैकिंग में ही आते हैं। कुरकुरे, नमकीन, चिप्स, चॉकलेट, करियाने का सामान, दूध, दही, सब प्लास्टिक में ही पैक होकर आ रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाबजूद यह सब पैकिंग का कचरा तो आ ही रहा है, इसके साथ सब्जियों का बाहरी राज्यों से जो आयात हो रहा है, वह ज्यादातर प्लास्टिक की पन्नियों में ही हो रहा है। इस तरह कचरे के अंबार तो बढ़ते ही जा रहे हैं। फिर चिकित्सा से जुड़ी सामग्री, बिजली के बल्ब, बैटरियां, इलेक्ट्रोनिक सामान शहरों से लेकर गांव तक चारों ओर फैलते जा रहे हैं। खेत-खलिहान, कूहलें, वन क्षेत्र कचरे की चपेट में हैं। जब तक कोई निश्चित व्यवस्था खड़ी नहीं होती, तब तक लोगों को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि विकल्प देकर ही सख्ती भी की जा सकती है। उसके बिना तो लोग भी मजबूरी में गैरजिम्मेदार हो जाते हैं। हिमाचल में प्रतिदिन 370 मीट्रिक टन सूखा कचरा पैदा होता है, जिसके लगातार बढ़ते जाने की संभावना है। शहरों में कम से कम कचरा



एकत्र करने की व्यवस्थाएं तो हैं, आगे उसका निष्पादन कैसे हो, यही समस्या आंशिक रूप से है। गांव की तो हालत और भी बुरी है। वहां तो कचरा एकत्रित करने की बुनियादी व्यवस्थाएं ही नहीं हैं। प्लास्टिक तो सब जगह पहुंच गया है। गांव में पहले तो केवल जैविक कचरा ही होता था, जिसका खाद बना लो या जला कर भी उतनी हानिकारक गैसें नहीं निकलती थीं। अब गांववासी उसी पुरानी सोच के साथ चल कर कचरे की समस्या से पार नहीं पा सकते। अतः गांव में पंचायतों के माध्यम से कचरा प्रबंधन की व्यवस्था बनानी पड़ेगी। पालमपुर की आईमा पंचायत की बहुप्रचारित कचरा प्रबंधन व्यवस्था भी अब बंद पड़ गई है। उसका अध्ययन करके व्यवस्था बनानी पड़ेगी। मोटे तौर पर हर घर से महीने में एक बार कम से कम कचरा एकत्रित करने की व्यवस्था की जा सकती है, जिसके लिए पंचायत उपयुक्त राशि निर्धारित कर सकती है जो हर परिवार महीने के अंत में स्वयं कचरा इकठ्ठा करने वाले कार्यकर्ता को दे सकता है। पंचायतों में अधिकांश जगह कचरा एकत्रित करने के लिए स्टोर बना दिए गए हैं। अब उनके प्रयोग करने की ओर ध्यान देना होगा। गांव में जैविक कचरा उठाने की जरूरत नहीं है। उसका खाद बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। प्लास्टिक में भी मोटा प्लास्टिक कबाड़ी को बेचा जा सकता है। ठंडे की बोतलें भी बिक जाती हैं। उनके लिए केवल सख्ती से जागरूक करने की जरूरत है। अगली चुनौती एकत्रित किए गए कचरे के निष्पादन की है। इसके लिए तो सरकार को दीर्घकालीन योजना बना कर काम करना चाहिए और उसके क्रियान्वयन के लिए हर स्तर पर पर्याप्त आर्थिक व्यवस्था करनी होगी। तकनीकी व्यवस्था अगली चुनौती है। नई-नई खोजें हो रही हैं। उनका उपयोग किया जाना चाहिए। एकमुखी समाधान से काम नहीं चलेगा। स्थानीय स्थितियों के अनुसार विविध प्रकार की तकनीकों का प्रयोग करना पड़ेगा। इसके लिए प्लास्टिक बनाने और प्लास्टिक में पैक सामान बेचने वाली कंपनियों को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

कुछ अलग

# और दोस्त, कैसे हो...

**पिछले** हफ्ते अपना खास दोस्त चला गया। होटल में बैठ उसी की शोकसभा मना रहा था कि उसका फोन आ गया, 'क्या कर रहे हो?' 'तुम्हारी शोकसभा मना रहा हूं और क्या', मैंने उसकी शोकसभा मनाते चाय का घूंट लिया तो उसने पूछा, 'अकेले ही?'
'अब अकेले ही खुशी-गम सेलिब्रेट करने पड़ते हैं दोस्त!'
'वो मेरी कविता पर आह! आह! करने वाले सब कहां हैं?'
'वे सब अपनी अपनी शोकसभाओं, श्रद्धांजलियों में व्यस्त हैं, सो सोचा, मैं तो कम से कम समय पर तुम्हारा दोस्त होने के नाते तुम्हारी विधिवत शोक सभा आयोजित कर तुम्हें श्रद्धांजलि दे दूं ताकि मेरी आत्मा की शांति मिले। तुम अभी भी यहीं हो क्या? गए नहीं?' 'जाऊंगा कैसे? उस प्रोग्राम का पारिश्रमिक तुम्हारे खाते में आ गया क्या? यार क्या बंदे हैं ये भी? हर बार पारिश्रमिक का फार्म भरवा उल्लू बना देते हैं, हमारी कविता पढने की विवशता का फायदा उठा', उसने जिंदा रहने वाली मरने के बाद भी आपत्ति दर्ज की, 'देखो दोस्त! जब तक वह तुम्हारे खाते में नहीं आएगा, मैं यहां से जाने वाला नहीं।' बेशर्म कहीं का! खुद तो मर गया, पर कंबख्त कविता का पारिश्रमिक अभी भी जिंदा है, 'और अपने क्रिया कर्म से फ्री हुए कि नहीं?'
'आज हो गया!' मत पूछो उसने कितने संतोष से कहा, 'कैसा रहा?'
'ठीक रहा! मस्त मस्त! अपने क्रिया कर्म से बहुत खुश हूं', सुनकर अच्छा लगा, 'अब कहां जाने का सकोप है?' मैंने यों ही पूछा तो वह चुप हो गया। मैंने पुनः पूछा, 'अब कहां जाने की उम्मीद लग रही है?'
'रहने दे! सच कहूंगा तो लाखों करोड़ों के धंधे बंद हो जाएंगे। पेट पर ताले लग जाएंगे।' हद है यार! सच कहने में अभी भी आपत्ति! ठीक है, 'तो मुझे फोन किसलिए किया था?'
'हां यार! एक बात करनी थी। देख, मुझे पता नहीं था कि मैं इतनी जल्दी चला जाऊंगा।'
'सो पता तो किसी को भी नहीं होता', मैं भाड़े का टट्टू दार्शनिक बना, 'बोल, अब क्या बचा है तेरा यहां?'
'कविताओं के पारिश्रमिक के अतिरिक्त मेरे घर में मेरी किताबें हैं यार! हो सके तो उन्हें वहां से ले जाना। मैंने अपनी ही तरह के मुझसे पहले गुजरे लेखक के मरने के बाद देखा था कि उसकी किताबें उसके कमरे से हटा वहां गेस्ट रूम बना दिया गया था।' किताबों के प्रति मरने के बाद भी उसकी श्रद्धा देख मन मोर हो बैठा, 'तो?' 'मेरी किताबें वहां से ले जाना। तेरा बहुत शुक्रगुजार रहूंगा। और हां! मेरी कुछ अप्रकाशित कविताएं भी हैं उनमें। भले ही उन्हें अपने नाम से छपवा लेना। मुझे बुरा नहीं लगेगा। यहां तो लोग लेखक के जिंदा रहते ही उसकी रचनाएं उसके मुंह के सामने ही अपनी बता पारिश्रमिक ले हवा होते रहे हैं। तेरे नाम से ही सही, इस बहाने कम से कम मेरे विचार कागजों से निकल हवा में तो तैर जाएंगे। उनमें कोई सांस ले या न! वैसे भी अब समाज को गंदी हवा में सांस लेना रास आने लगा है।' 'देखो दोस्त! माना तुम मेरे दोस्त हो। पर सच ये है कि किताबों की रद्दी को आजकल कबाड़ी भी नहीं लेते। पिछले हफ्ते मैंने भी अपनी किताबें निकालनी चाही थीं। पर उसने साफ-साफ कह दिया था कि और तो छोड़ो, इनसे तो आलू प्याज के लिफाफे तक नहीं बनते। कबाड़ी किताबों की रद्दी से सौ गुणा बेहतर अखबारी रद्दी को मानते हैं।' मैंने उसका फोन काटा और उसे श्रद्धांजलि देने में व्यस्त हो गया।

देश दुनीया से

# स्कूल शिक्षा को उत्कृष्ट कैसे बनाएं?

**दूसरे** देशों की बेहतर शिक्षा प्रणाली से सीखने के लिए हमारे देश में लगातार कोशिश की जा रही है। कुछ राज्य अपने स्कूल अध्यापकों को विदेशों में ट्रेनिंग के लिए भेज रहे हैं। वहीं आजकल हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका अपनी स्कूल शिक्षा में बेहतर कारगुजारी के लिए पूरी दुनिया में चर्चा में आ रहा है। यहां तक कि अमरीका जैसा सुपर पावर देश भी स्कूल शिक्षा को लेकर श्रीलंका के प्रदर्शन को लेकर बौना साबित हो रहा है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई के मामले में श्रीलंका ने हाल ही में बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के साथ सांस्कृतिक सांझ रखने वाले श्रीलंका ने दिखा दिया है कि सही मेहनत और सही सोच हो, तो छोटा देश भी बड़े देशों से आगे निकल सकता है। यह खुलासा हाल ही में आई एक रिसर्च रिपोर्ट में हुआ है, जिसमें बताया गया है कि श्रीलंका को अमरीका से 0.7 नंबर ज्यादा मिले हैं, जो दिखाता है कि पढ़ाई के मामले में श्रीलंका ने छोटा-सा अंतर होने के बावजूद अमरीका जैसे महाबली को हरा दिया। श्रीलंका की पढ़ाई की व्यवस्था को इतना अच्छा बनाने के पीछे कई कारण हैं जो हमारे लिए भी सीखने का सबब हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां की सरकार ने हर बच्चे को पढ़ाने को सबसे जरूरी काम माना है। गांवों में भी स्कूल बनाए गए हैं और वहां पढ़ाई की अच्छी सुविधाएं दी गई हैं। श्रीलंका में करीब 31 हजार स्कूल हैं, जो इतने छोटे देश के लिए बहुत बड़ी बात है। श्रीलंका में पढ़ाई तक पहुंच भी बहुत अच्छी है। वहां 98 प्रतिशत बच्चे प्राइमरी स्कूल में पढ़ते हैं और 85 फीसदी से ज्यादा बच्चे हाई स्कूल तक पढ़ाई करते हैं। इसका मतलब यह है कि वहां गरीब और अमीर सभी बच्चों को पढने का मौका मिलता है।



वहां की सरकार ने मुफ्त स्कूल और स्कॉलरशिप की सुविधा दी है, ताकि पैसों की कमी की वजह से कोई बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। श्रीलंका में पढ़ाई की क्वालिटी भी बहुत अच्छी है। वहां टीचरों को अच्छी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वे बच्चों को नए और आसान तरीकों से पढ़ा सकें। स्कूलों में बच्चों को किताबों के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी दी जाती है, जैसे कि टेक्नोलॉजी और स्किल्स सिखाना। श्रीलंका में स्कूलों का सिलेबस भी समय के साथ अपडेट किया जाता है, ताकि बच्चे आज के समय की जरूरतों के हिसाब से पढ़ सकें। क्या हम यह सब अपडेट कर रहे हैं? श्रीलंका की पढ़ाई की एक खास बात यह है कि वहां बच्चों को सिर्फ किताबें रटने को नहीं कहा जाता। स्कूलों में खेल, कला और अच्छे संस्कार सिखाने पर भी ध्यान दिया जाता है। इससे बच्चे सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि अपनी पर्सनैलिटी में भी बेहतर बनते हैं। कुछ देशों में पढ़ाई ज्यादा ग्लोबल होती है, लेकिन लोकल चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता। ज्यादातर पढ़ाई पर ही जोर रहता है, लेकिन श्रीलंका में बच्चों को अच्छा इनसान बनाना भी जरूरी समझा जाता है। श्रीलंका ने अपनी पढ़ाई में पर्यावरण और अपनी संस्कृति को भी शामिल किया है। बच्चों को अपने आसपास की प्रकृति और अपनी परंपराओं के बारे में सिखाया जाता है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें। श्रीलंका का यह तरीका बच्चों को जिम्मेदार और समझदार बनाता है। कुल मिलाकर श्रीलंका की स्कूल शिक्षा में कुछ ऐसे सारगर्भित गुण हैं जिनसे हम अपनी स्कूल शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली और उत्कृष्ट बना सकते हैं। इसी के साथ हमें अपने देश में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है। स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए आयु के अनुसार विशेष प्रशिक्षण और बड़े बच्चों के लिए आवासीय और गैर-आवासीय प्रशिक्षण, विशेष प्रशिक्षण केंद्र, आयु के अनुसार आवासीय और गैर-आवासीय प्रशिक्षण, एनआईओएस, एसआईओएस के माध्यम से शिक्षा पूरी करने के लिए स्कूल न जाने वाले बच्चों (16 से 19 वर्ष) को सहायता, समग्र प्रगति कार्ड, द्विभाषी शिक्षण सामग्री और पुस्तकें मुहैया कराना जरूरी है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उच्च माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलने, सुदृढ़ करने, स्कूल भवनों और अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्रों में स्कूल के बुनियादी ढांचे के विकास, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थापना, उन्नयन और संचालन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों की स्थापना, पीएम-जनमन के तहत पीवीटीजी के लिए छात्रावासों का निर्माण, एसटी आबादी के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत छात्रावासों का निर्माण और शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाने होंगे। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मामले में बच्चों की पहचान और मूल्यांकन के लिए वित्तीय सहायता, सहायक उपकरण, ब्रेल किट और किताबें, उपयुक्त शिक्षण सामग्री और विकलांग छात्राओं को मासिक वृत्ति आदि प्रदान की जानी चाहिए। इसमें स्कूलों में बाधामुक्त पहुंच के लिए रैंप, हैंडरेल के साथ रैंप और विकलांगों के अनुकूल शौचालय जैसे दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढांचे के निर्माण का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। जिस देश और राज्य की स्कूल शिक्षा प्रणाली उच्च कोटि की होती है, वह देश बहुत तेज गति से विकास करता है। अतः प्रत्येक देश के विकास में उस देश की शिक्षा प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। वर्तमान में हमारी स्कूल शिक्षा प्रणाली में कई कमियां हैं जिनमें सुधार करना बहुत जरूरी है। यदि हमें तेज गति से आर्थिक विकास करना है तो हमें अपनी स्कूल शिक्षा व्यवस्था बेहतर स्तर की बनानी ही होगी। इसके लिए मिडल स्तर के ऊपर के स्कूल छात्रों को वास्तविक जीवन से परिचय करवाइए। उन्हें हवा-हवाई कथाएं न सुनाएं। उन्हें किसी भी तरह की आसमानी किताब न पढ़ाएं। उन्हें जीवन जीना सिखाएं। प्रैक्टिकल बनाएं, ताकि आने वाली पीढियों में एक समझदार एवं सभ्य समाज का निर्माण हो सके। याद रहे कि सांस्कृतिक शिक्षा भी जरूरी है ताकि लोग नैतिक बनें। परंतु यह नैतिकता उनकी अपनी हो, उनके अंदर से आई हो। शिक्षा हमें अपने परिवार, समाज, रीति-रिवाजों, संस्कारों, मूल्यों, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि व हमारे इतिहास आदि से परिचित करवाती है। शिक्षा हमें नैतिकता सिखा कर, हमारे कर्त्तव्यों के बारे में बताकर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में हमारी मदद करती है।

आप का नजरीया

# हिमाचली कलाकार का हक

**अंततः** हिमाचल ने अपने शून्य से अर्थ खोजने शुरू किए, तो दागदार होने की वजह भी मिल गई। दरअसल हम मूल प्रश्नों को आगे धकेलते रहे हैं और एक संकीर्णता का माहौल हमारा हालचाल पूछने लगा है। अब इन्हीं धाराओं में बहते कई भीगे हुए प्रश्न मिल जाएंगे, तो रिवायत बदलने की इच्छाशक्ति पैदा करनी होगी। बहरहाल यहां जिक्र शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया का जो शून्यकाल में हिमाचली कलाकारों को मंचों पर मिल रही शून्यता का सवाल उठा रहे हैं। यह कोई नई बहस नहीं और न ही ऐसा तथ्य है जिससे हिमाचली व्यवस्था अनभिज्ञ हो, लेकिन विडंबना यह कि हमारी महफिल के नगीने स्थानीय कलाकार नहीं बने। विधायक पठानिया ने सांस्कृतिक समारोहों में हिमाचली कलाकार के अधिकार की बात उठाते हुए यह मांग रखी है कि संस्कृति के अपने दरवाजे अपने ही घर में तंग नहीं होने चाहिएं, मगर हकीकत यह है कि सारा मनोरंजन अफरा-तफरी में चल रहा है। ऐसी सूचनाएं हैं कि पंजाब के ही एक गायक ने पिछले साल से अब तक कुछ कार्यक्रमों में सवा करोड़ बटोर लिए। यह इसलिए कि हमारे जनप्रतिनिधियों और नौकरशाहों के हाथों में ताली बजाने की खुजली सिर्फ किसी बाहरी कलाकार को बुला कर ही हटती है। अब तो ऐसे भी समारोह होने लगे हैं, जहां सांस्कृतिक कारणों के बजाय नेताओं की हस्ती के खातिर ढोल-नगाड़े बजने लगे हैं। हमने बार-बार लिखा और उस वक्त लिखा था, जब कुल्लू के मंच पर ही ठाकुर दास राठी को समय नहीं मिला था। हमने उस चैक के पीछे भी लिखा जिसकी मोटी राशि किसी बाहरी कलाकार के नाम हुई थी। हम वर्षों से लिख रहे हैं कि सांस्कृतिक समारोहों व तमाम मेलों के आयोजन के लिए एक मेला विकास प्राधिकरण का गठन होना चाहिए। प्रदेश के मेलों और सांस्कृतिक समारोहों का वर्गीकरण करते हुए इनसे जुड़ी आर्थिकी का संरक्षण जरूरी है। प्रदेश में छोटे-बड़े मेलों, धार्मिक तथा सांस्कृतिक समारोहों को जोडक़र देखें तो हर साल पांच से सात सौ करोड़ का व्यापार होता है। ये मेले बिखरे हुए हैं। कब कोई सियासी फैसला इन्हें जिला से राज्य और राज्य से अंतरराष्ट्रीय नाम से अलंकृत कर दे, कोई नहीं जानता। जाहिर है अब मेलों के आयोजन के लिए नए व बड़े स्थान चाहिएं, सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन को स्थायी मंच चाहिएं तथा कलाकारों के चयन की एक पद्धति चाहिए। अगर मेला प्राधिकरण को आय-व्यय के हिसाब से वार्षिक कैलेंडर बनाने को प्रेरित किया जाए, तो इसका लाभ पर्यटन उद्योग को भी होगा। पूरे प्रदेश में इस तरह दो-ढाई सौ मेला ग्राउंड विकसित होंगे तथा अधोसंरचना निर्माण में भी भूमिका का विस्तार होगा। इतना ही नहीं, मेला विकास प्राधिकरण के मार्फत पुस्तक, व्यापार, औद्योगिक, फूड, पशु तथा आधुनिक तकनीक के प्रसार में विविध मेलों का आयोजन हो सकता है। मेलों के मार्फत पारंपरिक छिंजों के आयोजन से कुश्ती प्रशिक्षण के कई केंद्र विकसित हो सकते हैं। प्रदेश के ट्राइबल मेलों के अलावा हरियाणा की तर्ज पर सूरजकुंड सरीखे मेलों के आयोजन की पृष्ठभूमि चंडीगढ़ के समीप लगते इलाकों में विकसित की जा सकती है।

# ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

- पूर्व निर्धारित रुट के अनुसार ही जुलूस निकलेगा
- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर की जाएगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई
- वाट्सअप पर विधि व्यवस्था बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट करने वालों व एडमिन पर होगी सख्त कार्रवाई
- जुलूस व झांकी पर वीडियोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से रहेगी पैनी नजर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में उपस्थित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी, अखाड़ा के अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य से प्रखण्ड स्तर पर किए गए शांति समिति कि बैठक की जानकारी ली गई।बैठक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रखण्डो के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर से संवेदनशील स्थानों एवं अन्य स्थानों की निगरानी रखेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्व त्योहार में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सभी धर्म के लोग सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ त्योहार मनायेंगे। उपायुक्त ने ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर आपसी सौहार्द एवं शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने का अपील किया। यह पर्व आस्था तथा पवित्रता के साथ मनाया जाता है। उन्होने कहा




कि सभी लोगों कि जिम्मेवारी है कि जिला में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार सम्पन्न करायें। भाईचारे के साथ त्योहार मनायें और दूसरों के लिए मिशाल पेश करें। प्रशासन विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण रामनवमी सम्पन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। प्रशासन के लिए सभी व्यक्ति समान है। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काउ पोस्ट से बचे। अगर मोटरवाहन एक्ट का अवहेलना देखा जाता है तो जिला परिवहन पदाधिकारी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ट्रैफिक मैनेजमेंट से संबंधित कार्यो का निष्पादन सभी संबंधित पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर करेंगे। उन्होने सभी को ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं उम्मीद है कि आप सभी एक सभ्य नागरिक का परिचय देते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाएंगे।पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार पाण्डेय ने कहा कि पूर्व वर्ष की भाँती इस वर्ष भी नियमानुसार पारंपरिक रूप से त्यौहार मनाएं। सोशल मीडिया का मोनिटरिंग किया जा रहा है सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अफवाह, आपत्तिजनक पोस्ट एवं भड़काउ पोस्ट किए जाने पर संलिप्त लोगों के उपर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कहा वाट्सअप पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने व बिना सत्यता के उसे आगे शेयर करनेवालो के उपर और वाट्सअप एडमिन के उपर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे समय रहते जुलूस में लोगों का उपचार किया जा सके। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी यह सुनिश्चित कर ले कि रूट वेरीफिकेशन के समय बिजली के तार पर ध्यान रखेंगे अगर कहीं पर विद्युत का तार लटकता हुआ पाया जाय तो उसे विद्युत विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दुरूस्त कराएंगे। वहीं सभी अखाड़ा के अध्यक्षों एवं सदस्यों को कहा गया कि सभी अपने अपने जुलूस निर्धारित रूट एवं समय पर ही निकालेंगे। ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर जिन अधिकारियों व कर्मियों की ड्यूटि लगाई गई है वे ससमय अपने-अपने स्थान पर तैनात होकर कार्यो का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, टण्डवा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## एसवीएम में विद्यालयी त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या भारती विद्यालय, झारखंड प्रांत के दिशा-निर्देशानुसार तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ वंदना सत्र में प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की उपाध्यक्ष प्रीति भारती ने आचार्य एवं दीदीजी को आगामी सत्र के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।प्रभारी प्रधानाचार्य सहाय ने त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य आचार्यों को शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रशिक्षित करना है।सत्र के दौरान आचार्यों ने प्रातः स्मरण,एकात्मता स्तोत्रं और एकता मंत्र का अभ्यास किया। द्वितीय सत्र में आचार्यों ने एकात्मता स्तोत्रं में उल्लिखित महापुरुषों एवं देवियों जैसे माता सीता,रानी लक्ष्मीबाई, गोस्वामी तुलसीदास, चाणक्य, भगवान राम, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु आदि की जीवनी और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर चर्चा की।इस कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदीजी सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिनमें शशिकांत पांडे, लाल बहादुर राम,ममता त्रिपाठी, नीलम अंबष्ट सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## रामनवमी, सरहुल व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना परिसर में गुरुवार को रामनवमी, सरहुल और ईद त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि क्षेत्र में पूर्व की भांति शांति और भाईचारे की परंपरा बनाए रखनी होगी। सरकारी गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, और छोटे साउंड सिस्टम के गानों की जांच की जाएगी।थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने सभी अखाड़ा समितियों को दस-दस स्वयंसेवकों की सूची प्रशासन को सौंपने का निर्देश दिया, ताकि वे भीड़ नियंत्रण में सहयोग कर सकें। शराब पीकर हंगामा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई



की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से ही निकलेगी और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।सरहुल पूजा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ प्रशासन द्वारा चना-शरबत की व्यवस्था करने की बात कही गई। ईद को लेकर प्रशासन ने नमाज के संभावित समय की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।बैठक में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

## वनाधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में अनियमितताओं पर नेतरहाट जनसंघर्ष कमेटी ने जताई आपत्ति

**महुआडांड़(लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट केंद्रीय जनसंघर्ष कमेटी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वनाधिकार अधिनियम (स्नक्र) के क्रियान्वयन में हो रही अनियमितताओं और धांधलियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। कमेटी ने कहा कि पारदर्शिता और प्रभावी कार्यान्वयन के बजाय, वनाधिकार दावों को गलत तरीके से खारिज किया जा रहा है, जिससे हजारों ग्रामीण और वनवासी समुदायों



के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।जनसंघर्ष कमेटी ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक जटिलताओं और सत्ता के केंद्रीकरण के कारण प्रभावित समुदायों को न्याय नहीं मिल रहा है। स्नक्र के तहत मान्यता प्राप्त अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है, और इसकी गलत व्याख्या के कई उदाहरण सामने आए हैं।कमेटी ने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहाँ 46 प्रतिशत दावे खारिज कर दिए गए या लंबित पड़े हैं, जबकि 1.13 लाख दावों को क्ष्ठ्ठस्त्र द्वारा अस्वीकार कर दिया गया। यह दर्शाता है कि स्नक्र का कार्यान्वयन जनविरोधी तरीके से किया जा रहा है।जनसंघर्ष कमेटी ने सरकार से पारदर्शी और जवाबदेह प्रक्रिया अपनाने की माँग की, ताकि वनवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा हो सके और उन्हें न्याय मिल सके।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर बालूमाथ में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: ईद, सरहुल और रामनवमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने की। उन्होंने सभी समुदायों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की और भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व गानों पर प्रतिबंध की बात कही।बैठक में लोगों ने अपनी समस्याएँ रखीं, जिसमें ईद के दौरान नो-एंट्री, सरहुल जुलूस के लिए विशेष व्यवस्था और रामनवमी के जुलूस को लेकर चर्चा हुई। प्रशासन ने सभी जुलूसों का रूट चार्ट और वॉलंटियर आईडी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की और अशांति फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, प्रखंड पदाधिकारी सोमा उरांव, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ सहित कई अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बरियातू क्लस्टर की सचिव सड़क दुर्घटना में घायल



- बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत समूह से जुड़े एक महिला सड़क दुर्घटना में बृहस्पतिवार को घायल हो गई। बता दें की गिद्धौर प्रखंड के बरियातू क्लस्टर के सचिव गुड़िया देवी बताई जा रही है। द्रष्2 के बैठक में शामिल होने के लिए घर गांगपुर से बारियातु क्लस्टर टेंपो में सवार होकर आ रही थी। घटना दोपहर 12̄00 का है।की रास्ता में अचानक से एक जानवर दौड़ गया।जिसे टेम्पो असंतुलित हो गई। और बचने के क्रम में टेंपो से गुड़िया देवी गिर गई।और चोटिल हो गई।लोगों के तत्परता से तुरंत गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर इलाज करने के लिए लाया गया।जहां से और बेहतरीन इलाज करने के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।महिला खतरे से बाहर है। इनके परिजनों से बात करने से पता चला कि महिला को माथे में ज्यादा चोट लगी है एवं बायां हाथ पैर में भी चोटिल हुए हैं।

## मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार):** नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और उनके समाधान की मांग की।मुखिया रामबिशुन नगेशिया ने कहा कि जनता की सेवा करना उनकी प्राथमिकता रही है और वे हर व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए संकल्पित हैं। इस मुलाकात में उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा की और मुख्यमंत्री से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपील की।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। नगेशिया ने बताया कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए वे सतत प्रयासरत हैं।इस मुलाकात के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि सरकार जल्द ही उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस पहल करेगी।

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा सांसद 2025 में बबली ने दिया प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा सांसद 2025 का आयोजन 27 मार्च 2025 को पुराना विधानसभा भवन, धुर्वा, रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और देश के समसामयिक मुद्दों पर अपनी विचारधारा प्रस्तुत की।राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) की स्वयंसेविका बबली कुमारी, जो बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार से हैं, ने इस मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और निर्णायकों द्वारा सराहा गया।बबली कुमारी की इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं लातेहार जिले में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खड़े बाइक में हाईवा ने मारा टक्कर बाइक क्षतिग्रस्त

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना अंतर्गत द्वारी नीम चौक समीप हाइवा वाहन ने खड़े बाइक में गुरुवार को टक्कर मार दिया।जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।बताया गया कि बाइक चालक दुवारी गांव निवासी रामा राणा के घर रिश्तेदारी में आया था।इसी



दौरान निम चौक समीप बाइक खड़ा कर किसी व्यक्ति से बात कर रहा था।कि हाइवा वाहन चालक ने वाहन को पीछे करने के द्रव्यमान में पिछे से मार दिया।हाइवा वाहन द्वारी गांव का राजेश यादव का बताया जा रहा है।हाइवा वाहन कटकमसांडी से कोयला डंप कर दुवारी गांव अपना घर आ रहा था।

## भाकपा माले संगठन की मजबूती और संगठन विस्तार पर जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को भाकपा माले बरवाडीह प्रखण्ड कमेटी की बैठक प्रखंड अंतर्गत ग्राम बहेराटाड़ मुरु में प्रखण्ड सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह खरवार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम और सभी कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक मे मुख्य रूप से पार्टी संगठन को गाँव तक मजबूत करने सदस्यों की संख्या को गाँव गाँव मे बनाने तथा कमेटी का विस्तार करने पर जो दिया गया । मौके पर जिला सचिव ने कहा कि बरवाडीह में पिछले दिनों हुए प्रखण्ड सम्मेलन सफल रहा हर क्षेत्र से माले के सदस्य शामिल हुए जिसमें पार्टी के संगठन को मजबूती दिलाने के साथ ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार के सावाल पर संघर्ष करने का निर्णय जो लिया गया है इसे हर हालत में जमीन पर लागू करना ही पार्टी का जवाबदेही है। बैठक में शामिल सभी लोगों ने निर्णय को लागु करने के लिए अपनी अपनी बाते रखे। पार्टी मजबूती करण के लिए उकामाड़ और बरवाडीह पंचायत का प्रभारी रमेश कुमार छेचा और खुरा पंचायत का



प्रभारी राजेंद्र सिंह खरवार हरातू लात और मोरवाई पंचायत का प्रभारी घनश्याम राम मंगरा बेतला केचकी पोखरी और केड़ पंचायत का प्रभारी कृष्णा सिंह को बनाया गया। बरवाडीह पूर्वी जोन में सम्मेलन 2अप्रैल 2025 को मुरु बहेराटाड़ मे बरवाडीह पश्चिमी जोन का सम्मेलन 29मार्च 2025 को होरिलोंग मे और बरवाडीह उत्तरी जोन का लोकल सम्मेलन 30 मार्च 2025 को कुटमू मे होगा बरवाडीह मे छात्र संगठन मजदूर संगठन और रसोइया संगठन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया गया।

## नव नियुक्त झामुमो प्रखंड अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग तेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी के अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल केन्द्रीय महासचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा बिनोद कुमार पांडेय के नाम मांगपत्र जारी कर उनसे मुलाकात करने की कोशिश की गई हालांकि उनसे मुलाकात नहीं हुई मौके पर केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता झामुमो सुप्रियो भट्टाचार्य से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा गया। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि जिला संयोजक लाल मोतीनाथ शाहदेव के अनुशंसा पर आर एस एस मानसिकता वाले व्यक्ति अध्यक्ष शशि भुषण तिवारी को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है जिसपर घोर आपत्ति जताते बताया गया कि विगत चुनाव में हम सक्रिय सदस्य, प्रतिनिधि




मंडल इंडिया गठबंधन के तरफ से गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में जी-तोड़ मेहनत किए जिसके परिणामस्वरूप गठबंधन प्रत्याशी की जीत भी हुई। दुसरी तरफ बताया गया कि चुनाव में गठबंधन के विरुद्ध कार्य करने वाले एवं साम्प्रदायिक सौहार्द खत्म करने वाले व्यक्ति को जिला संयोजक प्रमुख के अनुशंसा पर प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि पार्टी में रहते हुए पार्टी के विरुद्ध कार्य किया तथा मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध काफी आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहने जिससे सामाजिक सौहार्द खत्म होने की पुरी संभावना है ऐसे में प्रतिनिधि मंडल ने मामले पर जांच कर उचित कार्रवाई करते पद से हटाने की मांग की है।

## बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला का हुआ आयोजन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बड़ाइक ने दीप प्रज्वलित कर कर किया ।मौके पर विभिन्न रोगों की जांच हेतु का स्टॉल लगाया गया था ।जिसमें 212 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया ।जिसमें शिशु स्वास्थ्य के 8,बीपी जांच 18,एचबी टेस्ट 23,ओरल कैंसर 18,ब्रेस्ट कैंसर 11 लोगों का जांच किया गया और उनके बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया ।मौके पर जानकारी देते हुए प्रकाश बढ़ाइक ने बताया की आयुष्मान स्वास्थ्य मेला के तहत समय-समय पर इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता रहा है ।और लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मुफ्त दवा भी दी जाती है ।स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य है कि जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले और उनका सही उपचार हो । मौके पर डॉक्टर अलीशा टोप्पो,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मृत्युंजय कुमार, लआयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ समेत कई लोग उपस्थित थे ।

### भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाई किसानों और जनता की समस्याएं

# झूठे वादों से किसानों को बहलाना बंद करे सरकार, जल्द समाधान करे : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन भाजपा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से जल संसाधन, कृषि, सहकारिता, किसानों की आर्थिक स्थिति और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा।

**जल संसाधन विभाग पर विधायक के तीखे सवाल**

प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत बिहार राज्य के अंतर्गत लिफ्ट एरीगेशन योजनाओं की दुर्दशा को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई गांवों में लिफ्ट एरीगेशन परियोजनाएँ वर्षों से बंद पड़ी हैं, जिससे किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित हो गए हैं। सरकार ने यह स्वीकार किया कि कई योजनाएँ बंद पड़ी हैं और उनके पुनरुद्धार की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। विधायक ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द इन योजनाओं को पुनर्जीवित करना चाहिए

**सहकारी समितियों और किसानों की ऋण माफी पर चर्चा**

विधायक ने झारखंड में सहकारी समितियों पी.ए.सी.एस एवं लैंप्स की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहकारी समितियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण ये संस्थाएँ कमजोर पड़ रही हैं। सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि राज्य में कुल 4454 मल्टीपर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यरत हैं, जो किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती हैं। पिछले तीन वर्षों में इन समितियों को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दी गई है-

**वित्तीय वर्ष 2021-22 में 432 एम पी सी एस को 864 लाख रुपए दिए गए**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 166 एम पी सी एस को 1003 लाख रुपए प्रदान किए गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 80 एम पी सी एसको 496 लाख रुपए की सहायता दी गई। विधायक ने सरकार की इस जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के लिए घोषित ऋण योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों का ऋण माफ करे और सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए ठोस रणनीति बनाए।

**भाजपा किसानों के लिए संघर्ष जारी रखेगी**

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि इन योजनाओं को जल्द प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने सरकार को इसलिए चुना है कि वह उनके हितों की रक्षा करे, न कि उन्हें योजनाओं के झूठे वादों में उलझाकर छोड़ा जाए। भाजपा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर स्तर पर उनके हक के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

## गंगा-जमुनी तहजीब का मिशाल पेश करेगा बादम का रामनवमी, भाईचारगी के साथ मनाई जाएगी ईद

- सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रामक पोस्ट करने वालों पर होगी कानूनी करवाई : पवन कुमार
- भड़काऊ गाना बजाने वालों पर होगी कड़ी से कड़ी करवाई : अनिल कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** शांति और शौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी और ईद मनाने को लेकर प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत सचिवालय में शांति समिति की विशेष बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने किया। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियो के साथ-साथ दोनों धर्मों के बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों, अखाड़ों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से रामनवमी पूजा के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करने की अपील की। साथ ही आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी पूजा व ईद पर्व मनाने की अपील की। दोनों समुदाय के लोगों ने आश्वस्त किया के हमलोग मिल जुल कर गंगा जमुनी तहजीब को जीवित रखते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी और ईद के पर्व को मनाएंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बादम ठाकुर मोहल्ला में फूलचंद ठाकुर के घर के पास, जामा मस्जिद चौक, गढ़वा मोहल्ला राजा किला के पास और दुर्गा मन्दिर के पास सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया। बादाम मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा मोतरा का जुलूस अपने निर्धारित समय पर आए और समय से वापस हो जाए। अपने धार्मिक गीतों को बजाएं किसी को कोई आपत्ति नहीं है। सभी से आग्रह है के कोई ऐसा गीत ना बजाएं जिससे हमारी आस्था की चोट पहुंचे। मौके पर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा के मिल जुल का सामाजिक ताना बाना के साथ त्योहार को मनाएं। सोशल मीडिया में किसी भी तरह का अपमानजनक या दूसरे धर्म को ठेस पहुंचाने वाला पोस्ट या कोई अफवाह फैलता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार जुलूस में अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इतना ही नहीं जुलूस में अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने वाले अखाड़ों और साउंड मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा के निर्धारित मार्गों से ही जुलूस को ले जाएं। कोई भी नया मार्ग से जुलूस को न आले जाएं अगर कोई ऐसा करता है तो उस जुलूस को रोककर कानूनी करवाई की जाएगी। जहां कहीं भी सीमा है उस सीमा का उल्लंघन न करें। नशा मुक्त त्योहार मनाएं। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई। कानून के विरुद्ध कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशाशन का कोई धर्म नहीं होता है, प्रशासन का एक ही धर्म है । सेवा ही लक्ष्य है। कहीं भी कोई असमाजिक तत्व या सोशल मीडिया में गलत पोस्ट किया जाता है तो उसके विरुद्ध निश्चित रूप से कानूनी करवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, ए एस आई हादी खान, समाजसेवी महेंद्र नाथ पांडेय, मुखिया बासुदेव यादव, दीपक दास, मौकीत उल्लाह, गौतम वर्मा, श्रीकांत निराला, गोपी नाथ सिंह, अशोक सिंह, नरेश साव, बाबू हसन, मो सलीम, सराज अंसारी, शेख अबदुल्लाह, ज्ञानी सिंह, प्रकाश राम, संतोष महतो, संतोष कुशवाहा, मो फिरोज, त्रिलोकी साव, विक्रम गुप्ता, मोकीम अंसारी, जावेद हुसैन, प्रमोद कुमार, मो अफरोज, अली रजा, नासीब खान, भागीरथ ठाकुर, जितेंद्र राम, राजेश राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव ने किया अपनी कमिटी का विस्तार, नए पदाधिकारियों की हुई घोषणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पंचमंदिर परिसर में रामनवमी महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने किया। बैठक के दौरान नई कमिटी की घोषणा की गई और चयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि इस बार की कमिटी में उन सभी क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया है, जहां से रामनवमी का अखाड़ा नगर में प्रवेश करता है। इससे सभी क्षेत्रों में बेहतर समन्वय स्थापित करने में आसानी होगी और त्योहार का आयोजन शांतिपूर्वक किया जा सकेगा। उन्होंने सभी लोगों से रामनवमी का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की और सुझाव मांगे।

**रामनवमी महासमिति की नई कमिटी इस प्रकार है :**

**उपाध्यक्ष :** विक्रम कुमार रविदास, सुनील कुमार यादव, मंदीप यादव, नीरज पासवान, शशि यादव, रौशन वर्मा, मुक्कू पासवान, कृष्ण मुरारी, बबन गुप्ता, जीतू केशरी।

**महासचिव :** मनोज पासवान, मिन्कु सिंह, हिरामण यादव, कुंदन वर्मा, मनीष ठाकुर, नारायण साव।

**सचिव :** राहुल यादव, अजय दास, नीरज कुमार, रोहित कुमार, अभिमन्यु भगत, कैलाश साव, अरुण राणा, प्रिंस गुप्ता, विनोद प्रसाद।

**कोषाध्यक्ष :** सुभाष कुमार।

**सह कोषाध्यक्ष :** सोनू साव।

**कार्यालय प्रभारी :** सोनू रॉय, रामू यादव। मीडिया प्रभारी- पिंटू कुमार, चंदन कुमार। सोशल मीडिया प्रभारी- राहुल सिंह।

**पूजा प्रभारी :** गौरव गोस्वामी।

**गौ सेवा प्रमुख :** गोविंद यादव।

**अस्त्र-शस्त्र परिचालन सह प्रदर्शन प्रभारी :** चंद्रेश सिंह, शंकर यादव, अजीत कुमार। स्वच्छता प्रभारी- भैया अनुभव।

**नगर साज-सज्जा प्रभारी :** विकास यादव, अभिजित गुहा, राहुल यादव, विवेक यादव। विद्युत प्रभारी- शिवम पांडेय।

**चिकित्सा प्रभारी :** नितेश कुमार, विक्की साव, भूपेंद्र साव, साहिल सिंह।

**प्रवक्ता :** अशोक यादव।

**कार्यकारिणी सदस्य :** विकास कुमार दास, गौतम मेहता, कार्तिक राम, प्रभु मेहता, संदीप मेहता, राजेश मेहता, बैजनाथ ठाकुर, अनिष यादव, सचिन यादव, अजीत साहू, बनवारी यादव, राकेश यादव, सुमित यादव, कामेश्वर यादव, सोनू कुमार, निक्की राजक, रंजन चौबे, राकेश कुमार, करण यादव, अंश अग्रवाल, संदेव कुमार, प्रेम यादव, सानू गोस्वामी, प्रवीण गोस्वामी।

रामनवमी महासमिति की यह नई कमिटी नगर में रामनवमी के सफल आयोजन और अनुशासन बनाए रखने के लिए कार्य करेगी। समिति के सदस्य इस बार भी त्योहार को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए पूरी तत्परता से जुटेंगे। महासमिति कमिटी विस्तार में आगे कई और लोगों को जोड़ा जाएगा।

## सांसद मनीष जायसवाल ने उपहार स्वरूप भेंट किया लहंगा



**कटकमसांड़ी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग लोकसभा मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के हेदलाग ग्राम निवासी सुरेश साव की पुत्री कुमारी मधु के विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में आशीर्वाद स्वरूप एक लहंगा भेंट किया गया। जिसे भाजपा के बूथ संख्या 66/67 के संयोजक क्रमश अंकज ठाकुर,मदन ठाकुर ने कुमारी मधु को सांसद के द्वारा प्रदत्त उपहार स्वरूप भेंट किया। मौके पर महेंद्र साव , संदीप साव , पिंटू कुमार , आलोक कुमार के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।इस पुनीत कार्य हेतु कुमारी मधु एवं उनके माता-पिता ने सांसद का आभार व्यक्त किया ।

## डहरभंगा में पंच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा गांव में पंच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 17 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार से 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार तक यज्ञाचार्य पंडित धर्मेंद्र शास्त्री ,उपाचार्य पंडित विजय शास्त्री,कथावाचक जगदीश मिश्र,आचार्य संदीप शास्त्री, मनोज पाण्डेय,पंडित सत्यानंद शास्त्री,मंदिर पुरोहित (पुजारी) सिंहा नंदकिशोर के तत्वाधान में किया जाना है। यह बाते यज्ञ समिति के लोगों ने बताया और कहा कि यज्ञ हवन अनुष्ठान करने से वातावरण शुद्ध होता है एवं क्षेत्र ईश्वर की आसिम कृपा प्राप्त होने के साथ दुःख दरिद्र , रोग दोष का निवारण होकर सुख समृद्धि शांति धन धान्य समेत अन्य कई इच्छित मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है। यज्ञ समिति के लोगों ने टाटीझरिया प्रखंड के आठों पंचायत एवं हजारीबाग जिला क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील किया है कि यज्ञ स्थल में आकर पूजा पाठ अर्चना आराधना कीर्तन भजन कथा प्रवचन कार्यक्रम में शामिल एवं दान पुण्य कर पुण्य का भागी बने। यज्ञ को सफल बनाने में रविन्द्र यादव,पिंटू साव,कन्हाई राम,अजित साव,संजय साव,तुलेश्वर यादव,संतोष राम,विनेश्वर साव,प्रकाश साव,जीवलाल साव,बबन कुमार, छोटन साव,प्रमोद साव,महेंद्र साव,समेत अन्य कई ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री नेहरू की क्षतिग्रस्त प्रतिमा पुनः स्थापित करने का किया मांग



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो को पत्र सौंपकर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की क्षतिग्रस्त मूर्ति के पुनः स्थापना की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बरही चचरो पार्क में स्थापित नेहरू जी की मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे प्रशासन ने हटवा दिया। 8 मार्च 2025 को कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से पुनः मूर्ति स्थापना की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि 27 मई 2025 को पंडित नेहरू की जयंती के अवसर पर मूर्ति अनावरण की योजना बनाई गई है। कांग्रेस कमिटी ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मूर्ति स्थापना के लिए आवश्यक अनुमति और सहयोग प्रदान किया जाए। बरही कांग्रेस कमिटी ने इस संबंध में बरही थाना और हजारीबाग उपायुक्त को भी पत्र देकर प्राथमिकताएं तय करने का आग्रह किया है। प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने कांग्रेस नेतृत्व से इस मामले में हस्तक्षेप कर मूर्ति पुनर्स्थापना सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता भी उपस्थित रहें।

## टाटीझरिया में सर्वर डाउन रहने के कारण राशन कार्डधारी लाभुक संग जविप्र दुकानदार परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो,टाटीझरिया ,खैरा, डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म आठों पंचायत में इन दिनों विभाग के निर्देशानुसार राशन कार्डधारी लाभुकों का जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा ईकेवाईसी पखवारा मनाया जाना है।उक्त बाते जविप्र के दुकानदारों में विजय प्रकाश मेहता,बसंती देवी,अरुण सिंह,अशोक गुप्ता,राधेश्याम कुशवाहा,भुनेश्वर प्रसाद साव ने बताया । उन्होंने यह भी कहा कि हम टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के जविप्र दुकानदारों को सर्वर डाउन रहने के कारण राशन कार्डधारी लाभुकों के ईकेवाईसी में बिलंब होने पर खरी खोटा सुनना पड़ता है लाभुकों का सुबह होते ही दुकान आवागमन होना आरंग हो जाता है । विभाग के ओर से 21/3/2025 से 27/3/2025 तक ही ई - केवाईसी पखवारा कार्यक्रम मनाए जाने का निर्देश दिया गया है और सर्वर डाउन ही एक सप्ताह से लगातार मिलता रहा है ऐसे में लाभुको का इ-केवाईसी हो पाना बहुत ही मुश्किल हो रहा है।इसलिए हम सभी जविप्र दुकानदारों संग लाभुक निर्धारित पखवारा तिथि को बढ़ाने और सर्वर को बेहतर 4त्व,5त्व करने की मांग करते है। जिससे लाभुको का इ-केवाईसी समयानुसार हो सके। दिन दिन भर बैठने के बाद में लाभुकों का सर्वर डाउन नहीं हो पाने के कारण लाभुको ने काफी रोष प्रकट करते हुए चिंता व्यक्त किया और कहा कि हमलोग ई-केवाईसी के लिए मुंबई, दिल्ली,कोलकाता जैसे शहरों से आते है और सप्ताह दिन के बाद भी ई- केवाईसी सर्वर डाउन के रहने के कारण नहीं प रहा है सरकार या विभाग को निर्धारित तिथि को बढ़ाना और सर्वर को बेहतर करने की जरूरत है। लाभुको में प्रेमचंद कुमार, देवी साव, बालेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, हुलास देवी, नीतू देवी,बबीता देवी, अंजवा देवी,गौरी कुमारी,गोपाल कुमार, पूजा कुमारी, विकास कुमार, लल्लू कुमार समेत अन्य काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे।


### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

**(WALK-IN-INTERVIEW)**

सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरुप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश विभागीय ज्ञापांक–108(21) दिनांक–14.08.2024 द्वारा निर्गत है। उक्त दिशा–निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेशज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा Consultant के रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैनल निमार्ण हेतु Expression of Interest आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निमार्ण हेतु जारी किया किया जा रहा है। यह प्रकिया किसी निश्चित अवधि तक सीमित न होकर सतत् (Continue) जारी रहेगी, जिससे इच्छुक चिकित्सक किसी भी समय आवेदन कर सकते है।
चयन समिति द्वारा पैनल को आवश्यकतानुसार अनुमोदित किया जायेगा। तदोपरांत संबंधित अस्पताल द्वारा इनसे सेवा ली जायेगी।
निम्नांकित विशेषज्ञता/अति विशेशज्ञता विभागों हेतु विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें Consultant के रूप में वांछित हैं:–

| क्र0 | अति विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 01 | Cardiology |
| 02 | Neurology |
| 03 | Medical Oncology |
| 04 | Surgical Oncology |
| 05 | Urology |
| 06 | Nephrology |
| 07 | Medical Gastroenterology |
| 08 | Surgical Gastroenterology |

| क्र0 | विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|
| 1 | Medicine (Physician) |
| 2 | General Surgery |
| 3 | Orthopedics |
| 4 | Obst. & Gynecology |
| 5 | Pediatrics |
| 6 | Ophthalmology |
| 7 | ENT |
| 8 | Psychiatrist |
| 9 | T.B & Chest |
| 10 | Skin & V.D |
| 11 | Anesthesiologist |

2. आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा :–
   i. विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– MBBS, MD/MS/DNB (Specialty)
   ii. अतिविशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– DM/MCH/DNB (Superspecialty)
3. पैनल निर्माण एवं चयन प्रक्रिया :–
   i. इच्छुक चिकित्सकों का चयन–Walk-in-Interview के माध्यम से किया जाएगा।
   ii. योग्य चिकित्सकों की सूची तैयार कर पैनल में शामिल किया जाएगा।
   iii. अस्पताल आवश्यकतानुसार उनसे सेवाएँ प्राप्त करेगी।
   iv. यह प्रक्रिया निरंतर (Rolling basis) पर जारी रहेगी अर्थात इच्छुक चिकित्सक कभी भी आवेदन कर सकते है और निर्धारित तिथियों पर आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते है।
   v. सरकारी नौकरी में कार्यरत चिकित्सक इन पदों के लिए योग्य नहीं होंगे।
5. सेवा की शर्त एवं Remunerations–
(क) अतिविशेषज्ञ/विशेषज्ञ चिकित्सकों (Superspeciality/Specialty Consultants) की ली जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय संकल्प सं0–108 (21) दिनांक–14.08.2024 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।
इस सबंध में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला संशोधन स्वतः प्रभावी होगा।
(ख) Consultant चिकित्सकों की सेवा का मूल्यांकन उनके Performance के आधार पर समय–समय पर किया जायेगा। Performance असंतोषजनक पाये जाने पर संबंधित चिकित्सकों को पैनल से बाहर करते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. Walk-In-Interview का स्थान :–
साक्षात्कार की तिथि–20.04.2025
समयः– 01.00 बजे अपराह्न
स्थान–जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई का सभागार
नोटः– इसके उपरान्त साक्षात्कार की तिथि सिविल सर्जन, लोहरदगा कार्यालय के सूचनापट्ठ पर प्रदर्शित की जाती रहेगी।
7. सभी इच्छुक उम्मीदवार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूपेण भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय वाक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होंगे।
8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेश रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 349344 (Lohardaga) 24-25 (D)

### कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) सिमडेगा
(अ०ज०जा०,अ०जा०,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**"अति अल्पकालीन निविदा"**

जनजातीय कल्याण ग्रामीण अस्पताल, सोय, बानो सिमडेगा में IPD सेवा प्रारंभ करने हेतु चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री का क्रय आवश्यकतानुसार करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 09.04.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, सिमडेगा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 09.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0 सिमडेगा–सह–अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**नोटः– क्रय किये जाने वाले चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री की सूची एवं शर्त्त सिमडेगा जिला के Website (simdega.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।**

परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0
–सह–जिला कल्याण पदाधिकारी,सिमडेगा

PR 349341 Simdega(24-25).D

### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**फ्राई कैचिंग नेट हेतु अति अल्पकालीन निविदा की सूचना 2025–26**

निदेशक मत्स्य झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268, दिनांक 11.02.2025 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट के निर्माता को सूचित किया जाता है कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अन्तर्गत पूर्व वर्षों के भांति खूँटी जिला के मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैंचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु प्रतिश्ठित एवं अनुभवी प्रतिश्ठान (फर्म) से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

1 विज्ञापनदाता का नामः– जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।
2 अग्रधन राशि–5000/–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से खूँटी में भुगतेय ड्राफ्ट।
3निविदा जमा करने की तिथि एवं समय–दिनांक 09.04.2025 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4 निविदा जमा करने का स्थान–जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–दिनांक 09.04.2025 समय अपराह्न 3:00 बजे।
6 निविदा खोलने का स्थान–उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में।
7 निविदा खोलने की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पटट पर एवं खूँटी के NIC www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 349327 (Fish)24-25*D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## अपराधी बेखौफ होकर जनप्रतिनिधियों पर हमला कर रहे हैं : राजेश ठाकुर



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा रांची ग्रामीण जिला महामंत्री और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने की सूचना से स्तब्ध हूं।अपराधी बेखौफ होकर जनप्रतिनिधियों पर हमला कर रहे हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। पुलिस के आफिसर्स जब ज़मीन का धंधा करेंगे और करवायेंगे , ज़मीन दलालों को संरक्षण देंगे तो ऐसी घटनाएँ तो होंगी ही। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।राँची पुलिस तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोरतम कारवाई सुनिश्चित करें। भाजपा रांची ग्रामीण जिला महामंत्री और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर जी को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने की सूचना से स्तब्ध हूं।

## शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड से नवाजे गए सयाल के बिरेंद्र पासवान,लोगों ने दी बधाई



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा भावी संस्थान उडान एक पहल फाउंडेशन व शहीद भगत सिंह बिग्रेड द्वारा दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में आयोजित शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड समारोह में सयाल निवासी बिरेंद्र पासवान को शहीद भगत सिंह के पौत्र सह शहीद भगत सिंह बिग्रेड अध्यक्ष यदुविन्दर सिंह संधू ने गौरव रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। बता दें कि यह अवार्ड भारतीय मानवाधिकार जन कल्याण संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिरेंद्र पासवान को सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। वहीं बिरेंद्र पासवान को शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड मिलने पर सयाल के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं बधाई देने वालो में सयाल के ओमप्रकाश सिंह,अर्जुन सिंह,संजय शर्मा,सतेन्द्र यादव,अनूप कुमार (पिन्टू सिंह),गोपाल यादव,कृष्ण साव,रामविलाश यादव,बिनोद कुमार,चंद्रभान सिंह,राजीव सिन्हा,शशी पासवान,संजय सिन्हा, शभूषण शर्मा,अन्तेस्वर प्रसाद,टाइगर सिंह,बिरदा पासवान,कमलेश प्रसाद,रमेश राय,बुचुन सेठ,छोटन सिंह,अजय भगत,अनु गुप्ता,प्रेम पासवान आदि दर्जनों लोगों ने बधाई दी है।

## रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक हुई



| 333 | JH07K5666 | 01-Apr-24 | 29-Jun-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 334 | JH07L4770 | 20-Apr-24 | 23-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 335 | jh07f2365 | 25-Apr-24 | 25-Jul-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 336 | jh07f3365 | 25-Apr-24 | 25-Jul-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 337 | JH07H5240 | 28-Apr-24 | 05-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 338 | JH07G7768 | 04-May-24 | 29-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 339 | JH07H3977 | 04-May-24 | 19-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 340 | JH07H7138 | 04-May-24 | 19-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 341 | JH07H0693 | 04-May-24 | 19-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 342 | JH07G4348 | 06-May-24 | 06-Feb-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 343 | JH07H7385 | 08-May-24 | 19-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 344 | JH07K1714 | 10-May-24 | 09-May-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 345 | JH07J5792 | 19-May-24 | 09-Jan-25 | GUMLA, Jharkhand |
| 346 | jh07k3991 | 20-May-24 | 16-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 347 | JH07L9657 | 08-Jun-24 | 28-Jan-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 348 | JH07D6200 | 12-Jun-24 | 11-Jul-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 349 | JH07J5253 | 15-Jun-24 | 29-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 350 | JH07H1745 | 15-Jun-24 | 02-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 351 | JH07H3284 | 19-Jun-24 | 03-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 352 | JH07J4609 | 19-Jun-24 | 01-Feb-39 | GUMLA, Jharkhand |
| 353 | JH07L3097 | 25-Jun-24 | 01-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 354 | JH07H1426 | 26-Jun-24 | 19-Jan-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 355 | JH07L6121 | 30-Jun-24 | 16-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 356 | JH07E6856 | 02-Jul-24 | 01-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 357 | JH07H1578 | 20-Jul-24 | 09-Sep-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 358 | JH07H7715 | 20-Jul-24 | 20-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 359 | JH07L8080 | 27-Jul-24 | 14-Jul-37 | GUMLA, Jharkhand |
| 360 | JH07H4272 | 27-Jul-24 | 11-Jan-38 | GUMLA, Jharkhand |
| 361 | JH07L0660 | 30-Jul-24 | 04-Jan-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 362 | jh07l4896 | 31-Jul-24 | 13-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 363 | JH07L1868 | 31-Jul-24 | 14-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 364 | JH07L0869 | 31-Jul-24 | 04-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 365 | JH07J2330 | 12-Aug-24 | 13-Oct-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 366 | JH07H5360 | 16-Aug-24 | 27-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 367 | JH07F6759 | 16-Aug-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 368 | JH07L1421 | 21-Aug-24 | 30-Dec-35 | GUMLA, Jharkhand |
| 369 | JH07L0407 | 31-Aug-24 | 07-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 370 | JH07H9007 | 31-Aug-24 | 10-May-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 371 | JH07F6327 | 08-Sep-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 372 | JH07J8435 | 15-Sep-24 | 06-Dec-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 373 | JH07L0299 | 15-Sep-24 | 28-Aug-37 | GUMLA, Jharkhand |
| 374 | JH07F6616 | 21-Sep-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 375 | JH07J7703 | 22-Sep-24 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 376 | JH07L5942 | 29-Sep-24 | 11-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 377 | JH07L3876 | 30-Sep-24 | 02-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 378 | JH07H2507 | 05-Oct-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 379 | JH07H3410 | 16-Oct-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 380 | JH07J6355 | 17-Oct-24 | 05-Feb-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 381 | JH07E5824 | 17-Oct-24 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 382 | JH07H4233 | 19-Oct-24 | 07-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 383 | JH07H1690 | 27-Oct-24 | 01-Dec-22 | GUMLA, Jharkhand |
| 384 | JH07L9988 | 27-Oct-24 | 24-Jan-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 385 | JH07L3585 | 28-Oct-24 | 22-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 386 | JH07L8741 | 28-Oct-24 | 21-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 387 | JH07L2023 | 28-Oct-24 | 21-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 388 | JH07L5010 | 28-Oct-24 | 21-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 389 | JH07L7680 | 28-Oct-24 | 20-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 390 | JH07L8522 | 28-Oct-24 | 02-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 391 | JH07L8757 | 31-Oct-24 | 16-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 392 | JH07L3925 | 31-Oct-24 | 11-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 393 | JH07L8706 | 31-Oct-24 | 11-Jul-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 394 | JH07G7208 | 15-Nov-24 | 27-Jun-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 395 | JH07J4678 | 18-Nov-24 | 03-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 396 | JH07H5190 | 18-Nov-24 | 05-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 397 | JH07E7878 | 21-Nov-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 398 | JH07E2024 | 21-Nov-24 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 399 | JH07G3951 | 23-Nov-24 | 21-Jan-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 400 | JH07H9935 | 23-Nov-24 | 29-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 401 | JH07H2956 | 23-Nov-24 | 29-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 402 | JH07K4503 | 23-Nov-24 | 07-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 403 | JH07L9617 | 27-Nov-24 | 18-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 404 | JH07L0629 | 29-Nov-24 | 22-Feb-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 405 | JH07L7126 | 30-Nov-24 | 03-May-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 406 | JH07G5157 | 02-Dec-24 | 14-Jun-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 407 | JH07L2736 | 06-Dec-24 | 06-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 408 | JH07F4571 | 08-Dec-24 | 29-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 409 | JH07F1358 | 08-Dec-24 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 410 | JH07E1601 | 14-Dec-24 | 01-Jan-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 411 | JH07J0625 | 14-Dec-24 | 27-Jan-39 | GUMLA, Jharkhand |
| 412 | JH07E3484 | 17-Dec-24 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 413 | JH07J9740 | 18-Dec-24 | 26-Feb-39 | GUMLA, Jharkhand |
| 414 | JH07J1010 | 23-Dec-24 | 27-Jan-39 | GUMLA, Jharkhand |
| 415 | JH07L2870 | 25-Dec-24 | 15-Nov-37 | GUMLA, Jharkhand |
| 416 | JH07E2315 | 27-Dec-24 | 30-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 417 | JH07L5049 | 02-Jan-25 | 27-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 418 | JH07L0589 | 06-Jan-25 | 29-Mar-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 419 | JH07L5198 | 09-Jan-25 | 27-Feb-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 420 | JH07H6638 | 10-Jan-25 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 421 | JH07F7767 | 12-Jan-25 | 07-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 422 | JH07F9221 | 17-Jan-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 423 | JH07L9490 | 18-Jan-25 | 26-Dec-37 | GUMLA, Jharkhand |
| 424 | JH07L5825 | 31-Jan-25 | 20-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 425 | JH07L8547 | 31-Jan-25 | 23-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 426 | JH07H5852 | 02-Feb-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 427 | JH07L6626 | 06-Feb-25 | 30-Apr-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 428 | JH07F3324 | 07-Feb-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 429 | JH07H1107 | 14-Feb-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 430 | JH07E1149 | 14-Feb-25 | 01-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 431 | JH07K2550 | 14-Feb-25 | 19-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 432 | JH07F1386 | 22-Feb-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 433 | JH07H3786 | 26-Feb-25 | 20-Nov-38 | GUMLA, Jharkhand |
| 434 | JH07L9871 | 27-Feb-25 | 08-May-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 435 | JH07J6545 | 02-Mar-25 | 29-Aug-39 | GUMLA, Jharkhand |
| 436 | JH07L9723 | 10-Mar-25 | 15-May-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 437 | JH07F6014 | 11-Mar-25 | 31-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 438 | JH07E7907 | 12-Mar-25 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 439 | JH07J9146 | 16-Mar-25 | 01-Sep-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 440 | JH07E8499 | 22-Mar-25 | 28-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 441 | JH07E4286 | 29-Mar-25 | 20-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 442 | JH07L0956 | 02-Apr-25 | 29-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 443 | JH07H4264 | 04-Apr-25 | 16-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 444 | JH07H5184 | 17-Apr-25 | 13-Dec-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 445 | JH07F9228 | 17-Apr-25 | 23-Feb-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 446 | JH07H1152 | 18-Apr-25 | 23-Aug-38 | GUMLA, Jharkhand |
| 447 | JH07E0140 | 21-Apr-25 | 30-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 448 | JH07F8999 | 21-Apr-25 | 22-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 449 | JH07E7356 | 21-Apr-25 | 31-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 450 | JH07H0785 | 24-Apr-25 | 31-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 451 | JH07F3756 | 29-Apr-25 | 23-Aug-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 452 | JH07F5714 | 03-May-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 453 | JH09AS3089 | 03-May-25 | 12-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 454 | JH07H1701 | 15-May-25 | 20-Jun-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 455 | JH07L3662 | 15-May-25 | 19-Oct-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 456 | JH07L7036 | 15-May-25 | 20-Oct-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 457 | JH07E6595 | 16-May-25 | 30-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 458 | JH07L1122 | 23-May-25 | 19-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 459 | JH07F1122 | 23-May-25 | 19-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 460 | JH07L1632 | 23-May-25 | 19-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 461 | JH07L1836 | 23-May-25 | 19-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 462 | JH07L4146 | 25-May-25 | 02-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 463 | JH07L9239 | 30-May-25 | 07-Jun-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 464 | JH07L8797 | 30-May-25 | 23-Aug-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 465 | JH07L7835 | 04-Jun-25 | 05-Sep-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 466 | JH07M9988 | 07-Jun-25 | 01-Sep-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 467 | JH07F5221 | 12-Jun-25 | 04-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 468 | JH07J4607 | 13-Jun-25 | 02-Jan-25 | GUMLA, Jharkhand |
| 469 | JH07L3933 | 02-Jul-25 | 22-Jun-38 | GUMLA, Jharkhand |
| 470 | JH07E6671 | 09-Jul-25 | 01-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 471 | JH07E2247 | 11-Jul-25 | 04-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 472 | JH07E4476 | 12-Jul-25 | 12-Nov-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 473 | JH07L6065 | 13-Jul-25 | 01-Sep-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 474 | JH07L6415 | 19-Jul-25 | 16-Oct-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 475 | JH07H5177 | 26-Jul-25 | 10-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 476 | JH07L3945 | 02-Aug-25 | 18-Oct-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 477 | JH07L6914 | 07-Aug-25 | 07-Nov-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 478 | JH07G8783 | 21-Aug-25 | 20-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 479 | JH07D0856 | 23-Aug-25 | 24-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 480 | JH07L8972 | 28-Aug-25 | 30-Nov-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 481 | JH07D2233 | 28-Aug-25 | 19-Sep-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 482 | JH07C7033 | 28-Aug-25 | 11-Oct-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 483 | JH07L6300 | 19-Sep-25 | 17-Dec-23 | GUMLA, Jharkhand |
| 484 | JH07F5661 | 22-Sep-25 | 04-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 485 | JH07C7134 | 07-Oct-25 | 27-Feb-25 | GUMLA, Jharkhand |
| 486 | JH07F0112 | 19-Nov-25 | 27-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 487 | JH07F0953 | 19-Nov-25 | 27-Dec-24 | GUMLA, Jharkhand |
| 488 | JH07D0724 | 04-Apr-26 | 04-Apr-14 | GUMLA, Jharkhand |
| 489 | JH07G4344 | 03-Dec-26 | 04-Jan-25 | GUMLA, Jharkhand |
| 490 | JH07H0525 | 03-Dec-26 | 23-Jan-25 | GUMLA, Jharkhand |
| 491 | JH07G8188 | 03-Dec-26 | 22-Feb-25 | GUMLA, Jharkhand |

PR 349417 Transport (24-25)_D मोटरयान निरीक्षक, गुमला

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा व धार्मिक संगठनों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध प्रदर्शन,राज्य सरकार का फुंका पुतला

## चरमराती लॉ एंड आर्डर को देख हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए : ओमप्रकाश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिन्दू नेता अनिल टाइगर की कांके,रांची में हुई निर्मम हत्या के विरोध में आज दोपहर एक बजे राजनीतिक पार्टी भाजपा तथा धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने मिलकर हेमन्त सरकार का पुतला दहन स्थानीय पॉवरगंज चौक में किया। जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव,भारतीय युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु,लोहरदगा चैंबर सह विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार,केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेडा,श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के महासचिव मिथुन तामेड़ा तथा मुख्य संरक्षक अजय पंकज,मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष मनोज गुप्ता मन्ना,योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर,राजी पड़हा बेल लक्ष्मी नारायण भगत,सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ समेत अनेको प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। पुतला दहन में शामिल होते हुए झारखण्ड राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि आये दिन झारखण्ड के विभिन्न जिलों में सनातनी जनप्रतिनिधियों का निर्मम हत्या हो रही है,झारखण्ड की कानून व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो चुका है। एक ओर कल झारखण्ड राज्य के कद्दावर व नामी हिन्दू नेता अनिल टाइगर की सरेआम कांके रांची में हत्या कर दी गयी,तो दूसरी ओर कुछ दिन



पहले हजारीबाग में भी सरेआम एक गल्ला व्यापारी की हत्या कर दी गयी थी। वहीं दो दिन पहले मंगला जुलूस में भी शांतिदूतों द्वारा पथराव की गम्भीर घटना को अंजाम दिया गया है। जबकि विगत वर्ष गुमला ज़िला के घाघरा प्रखंड में भी दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा समिति सदस्य पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ था,जिसमे हमलावर के ऊपर कार्रवाई करने के स्थान पर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा निर्दोष सनातनियों के ऊपर एफ आई आर कर उन्हें बुरी तरह फंसा दिया गया जिसकारण आज भी ये सभी बेहद परेशान और हतोउत्साहित हैं। बार मिन्नतें करने के बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा निर्दोषों को राजनीतिक इशारे पर सताया जा रहा है।झारखण्ड राज्य की हालात दिनोदिन बद से बदत्तर होते जा रही है, लॉ एंड आर्डर पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। वहीं भाजपा के ही अजय पंकज ने कहा कि पुलिस प्रशासन के बड़े पदाधिकारी लॉ एंड आर्डर को सख्ती से लागू करने का आदेश मुख्यालय से जारी तो कट देती है,पर हमेशा की तरह यह खोखली आश्वासन ही साबित होती है। अपराधियों द्वारा सरेआम घटना को अंजाम देकर झारखण्ड की लॉ एंड ऑर्डर का माखौल उड़ाना अब तो आम बात हो गयी है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा विधानसभा मांडर प्रभारी रिपुसूदन साहू,श्रीचंद प्रजापति,अशोक खत्री, अमरेश भारती,पशुपतिनाथ पारस ,विश्वजीत शाहदेव, सोहन साहू, आदित्य कुमार,जीवनराज मेहता, नवीन साहू,ओम महतो,प्रदीप साहू, अभय महतो,गौरव कुमार राजकिशोर महतो,राजेश महतो, मनीष शिखर, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव ,सरोज प्रजापति, निधिकान्त साहू,शामेंला भगत ,कलावती देवी ,विक्की कांस्यकार, आकाश पंकज,सुशील पटनायक, देवाशीष कार, शिवदयाल साहू,अजय मित्तल समेत विभिन्न हिन्दू संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व शांति व सौहार्द के साथ सभी लोग मिल कर त्यौहार मनाये : सीओ



**सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा थाना परिसर में शांति समिति का बैठक आयोजित करने के उपरान्त थाना क्षेत्र के सभी पंचायत में शांति व सौहार्द के साथ सरहुल,ईद और रामनवमी मनाने को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से अंचल क्षेत्र को छः जोन में बांटा गया है। जिस निमित सरहुल,ईद और रामनवमी का त्यौहार शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अंचल क्षेत्र के सभी छः जोन में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के साथ शांति समिति का बैठक आयोजित किया जा रहा है। उसी क्रम में बुधवार को अंचल क्षेत्र के सेरेंगहातु और सेन्हा पंचायत में शांति समिति का बैठक आयोजन किया गया। साथ ही कहा कि पर्व त्यौहार के दौरान यदि कोई व्यक्ति गलग अफवाह फैला कर या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत संदेश का दुष्प्रचार कर शांति भंग करने का कोशीस करता है तो उस पर शख्त और कठोर कानूनी करवाई किया जायेगा। प्रशासन की निगाहें सभी पर रहेगी जिसे कोई भी लोग गलत कार्य करने का प्रयास न करेंगे जिस तरह सभी समुदाय लोग एक गांव में मिल जुल कर रहते हैं उसी तरह समुदाय के लोग आपस मे मिल जुल कर सरहुल,ईद और रामनवमी के त्यौहार खुशी खुशी मनायें और प्रशासन का सहयोग करें। मुखिया शोभा देवी के साथ अन्य सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर जय श्रीराम समिति ने चलाया जागरुकता अभियान

**○ शोभा यात्रा को लेकर भारी संख्या में सनातनी होंगे शामिल : ओम महतो**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 30 मार्च 2025 रविवार को होने वाले नववर्ष विक्रम संवत् की तैयारियों को लेकर जय श्रीराम समिति ने सदर प्रखंड,कुडू प्रखंड,सेन्हा प्रखंड एवं घाघरा में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए ललित नारायण स्टेडियम में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का भरोसा दिया। ओम महतो ने कहा धर्म,समाज और संस्कृति की रक्षा खुद के हाथों में होती है। धर्म और संस्कृति से भटक कर लोग पश्चिमी सभ्यता को पकड़ चुके थे। परंतु अब लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो रही है और समिति का लक्ष्य ही लोगों को जागरूक करने का रहा है। जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने कहा नववर्ष के दिन पूजा पाठ से दिन की शुरुआत की



जाती है,जिसकी तैयारी सप्ताह भर पूर्व से की जाती है। प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान ने कहा नववर्ष के प्रति ऐसा उत्साह और उमंग पहले कभी देखने को नहीं मिलता था समय के साथ लोग जागरुक हो रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महामंत्री प्रदीप साहू,मिनकु पासवान, रोहित साहू,पवन साहू,मंगल महतो,इंद्रजीत कुमार, घूर्णन यादव,उमेश उरांव,जीतवाहन भगत,विकास भगत,सुदर्शन जी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# निबंधन कार्यालय ऑपरेटर को पांच हजार घुस लेते एसीबी के टीम ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में फिर से एक बार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राँची ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहरदगा जिला निबंधन कार्यालय में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है।आरोप है की जमीन का पट्टा निकालने को लेकर दिलीप कुमार ने 5,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।जिसे एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।मामले के अनुसार मो. आलीमउद्दीन नामक व्यक्ति जो की बगडु थाना क्षेत्र हिसरी के निवासी है जिन्होंने अपनी जमीन का पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय में संपर्क किया था। दिलीप कुमार ने उनसे 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसे देने से



आलीमउद्दीन ने इनकार कर दिया था।जिसके बाद आलीमउद्दीन ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी।वही दिलीप कुमार के खिलाफ दिनांक 26.03.2025 कांड संख्या 05/2025 भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 2018 की धारा 7(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया था जिसे दिनांक 27.03.2025 को बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।देखा जाए तो इन दिनों राज्य भर में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कई रिश्वतखोरों एवं घूसखोरी गिरफ्तार किया है फिर भी यह सिलसिला थम नहीं रहा है।खबर यह भी है की जिले के कई कार्यालय,प्रखंड कार्यालय या फिर किसी छोटे बड़े सभी सरकारी दफ्तरों में इन दिनों खुलकर रिश्वतखोरी जैसे घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।जिसे पर पाबंदी लगानी सख्त जरूरी है।

## बहुउद्देशीय आजीविका अपनाकर लखपति दीदी बनी पुष्पा

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिले में पाकरटांर प्रखंड से कोबांग मोसोटोली की पुष्पा टेटे वर्ष 2019 में गुलाब आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी। समूह में जुड़ने से पूर्व पुष्पा दो सिलाई मशीन पर सिलाई का काम करती और उनके पति खेती बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे थे। इसके उपरांत जेएसएलपीएस के गैर कृषि डोमेन के द्वारा इन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 40000/- रुपये का सीड कैपिटल मात्र 6त्न वार्षिक ब्याज दर पर दिया गया। जिससे पुष्पा ने अपने राइस



मिल को अपग्रेड किया और साथ ही आटा चक्की भी स्थापित की। सिलाई और मिल के द्वारा अच्छी आमदनी हुई जिससे इन्होंने गाय खरीदी एवं दूध का व्यापार प्रारंभ किया। वर्तमान में उनके पास तीन गाय हैं जो 12 से 15 किलो दूध प्रतिदिन देती है। पुनः 7 माह पूर्व ग्राम संगठन के माध्यम से सामुदायिक निवेश निधि की राशि 100000/- रुपये लेकर इलेक्ट्रिक ऑटो खरीदा, जिसे पाकरटांर से सिमडेगा चलवाया जा रहा है। जिससे एक व्यक्ति को रोजगार भी मिला। पुष्पा के स्वयं के पहल से 1 महीने में सिलाई मशीन से ?10000, मिल से ?8000, दूध बिक्री कर 20000 रुपए और इलेक्ट्रिक ऑटो से ?15000 कुल 48000 रुपये की कमाई कर रही है। पुष्पा टेटे की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होती चली गई इनकी दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही इन्होंने बहुउद्देशीय प्रयोजन के साथ सफलता के नए आयामगढ़ दिए हैं जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। दीदी जेएसएलपीएस को धन्यवाद देती हैं की समूह से जुड़कर ही इनकी जिंदगी में नया मोड़ आया है। यह निश्चय ही उनके लिए मिल का पत्थर साबित हुआ। आज दीदी लखपति दीदी की श्रेणी में आती है।

## अनिल टाईगर की दिन दहाड़े हुई हत्या वर्तमान की सरकार का असली चेहरा हुआ उजागर : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने अनिल महतो की हत्या पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि इस हत्या ने हेमन्त सरकार के वास्तविक चेहरा को सबके सामने उजागर करने का कार्य किया है। यही इस सरकार की सच्चाई है यदि आप जनता की बात करते हैं,लोगों की सहायता करते हैं और सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते हैं तो आपको मारा पीटा धमकाया जाएगा और इतने में भी आप इस कुकर्मी सरकार के समक्ष नहीं झुकते हैं तो आपकी निर्मम हत्या कर दी जायेगी। आज अबुवाराज नहीं जिसकी लाठी उसकी भैंस वाला लठ्ठराज/गोलीराज चल रहा है जिसमें यदि आप सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष या नेता हैं तो आपको अंगरक्षक दिया जाएगा और यदि विपक्षी हैं तो आपका जीना दूभर कर दिया जायेगा। मैं इस निरंकुश सरकार और लाचार प्रशासन को आगाह करना चाहता हूं कि आप में थोड़ी भी लाज शर्म बची है तो सरकार तत्काल अपराधियों को दिए गए कॉन्ट्रेक्ट को निरस्त कर के राज्य में कानून व्यवस्था स्थापित किया जाय। यदि ऐसा नहीं होता है तो इस निकम्मी और हत्यारी निरंकुश सरकार को खींच कर गद्दी से उतारने का कार्य किया जाएगा।

# भाजपा नेता अनिल टाइगर की निर्मम हत्या पर भाजपा कुडू मंडल ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को पिछले दिनों हुई भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद अनिल टाइगर की कांके, रांची में हुई निर्मम हत्या के विरोध पर कुडू भाजपा मंडल के अध्यक्ष विश्वजीत भारती के नेतृत्व में गुरुवार को 12़00 बजे अपराह्न में राज्य सरकार का पुतला दहन व काला बिल्ला या पट्टा लगाकर राज्य सरकार की चरमराती कानून व्यवस्था का विरोध कुडू ब्लॉक मोड़ में किया गया।मौके पर भाजपाइयों द्वारा झारखंड सरकार मुर्दाबाद,हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, जेएमएम-कांग्रेस सरकार मुर्दाबाद,हेमन्त सोरेन हाय हाय का नारा लगाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विश्वजीत भारती ने कहा कि



राज्य में अपराधियों का बोलबाला सातवें आसमां में है,वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य करती है, इस सरकार के कार्यकाल में लगातार दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या,बलात्कार,लूटपाट जैसी घटना होती रही है और सरकार गहरी नींद में सोई हुई है।दिनांक 26/03/25 को रांची कांके का रहने वाला समाजसेवी,पूर्व जिला परिषद सह भाजपा नेता अनिल टाइगर महतो का निर्मम हत्या दिन दहाड़े कर दी गई और यह घटना महज थाना से 400 मीटर की दूरी पर घटी, इस घटना का जितना भी निंदा किया जाए कम है। इसी का विरोध और राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ़ भाजपा कुडू मंडल द्वारा हेमन्त सोरेन का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,सुदामा प्रसाद, संजय चौधरी,राजेश प्रसाद,कृष्णा मोदी,यदुनंदन तिवारी,पंकज भारती,शशि प्रसाद,एसटी मोर्चा अध्यक्ष पंखराज उरांव,पीतांबर साहु,महादेव भगत,कृष्णा कुमार, पंचम बैठा,आदित्य कुमार साहु, सुधीर लोहरा,दीपेंद्र कुमार दीपू के साथ अन्य लोग उपस्थित थें।

## कैरो महाबीर मंडल की क्षेत्रीय बैठक संपन्न,हर्षोल्लास के साथ रामनवमी व भरत-मिलाप शोभायात्रा होगा संपन्न

**○ हजारीबाग में मंगलवारी जुलूस पर पथराव एक अमानवीय कुकृत्य : रितेश कुमार**



**कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत महाबीर मंडल अध्यक्ष कृष्णा साहू के अध्यक्षता में क्षेत्रीय बैठक आहुत की गई। बैठक में कैरो,उतका,खन्डा ,नरौली,गजनी, चालहो, महुवरी,सढ़ाबे,टाटी,खरता,हनहट,हुदु,सुकुरहूटू इत्यादि 30 गाँवो के महाबीर मंडल प्रतिनिधियों ने आगामी 07 अप्रैल दशमी को भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। बैठक में केंद्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेडा,एवं लोहरदगा जिला विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार को कैरो महाबीर मंडल पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष विपुल तमेडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्रीय महाबीर मंडल की पूरी टीम कैरो महाबीर मंडल के सभी कार्यक्रमो की प्रशंसा करती है,आप सभी वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च को भव्य कलश यात्रा एवं 51 कुण्डीय शांति आश्रम के यज्ञ में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार ने हजारीबाग मे मंगलवारी जुलूस पर पथराव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि,हिन्दू समाज के आयोजनो पर इस प्रकार की अमानवीय कूकृत्य की विहिप कड़ी निंदा करती है। उक्त बैठक में मुख्य रुप से विशेश्वर प्रसाद दीन,सुरज मोहन साहू,विवेक प्रजापति,बजरंग उराँव,शंभू सोनी,गंगा प्रसाद,लखन उराँव,राजेन्द्र महतो,श्रवण मुंडा,आदित्य यादव,राजु सोनी,सुरेन्द्र साहू,धनेश्वर साहू,रामबुझावन गुप्ता,मृत्युन्जय तिवारी,फलीन्द्र रविदास,रमेश राम,कैरो महाबीर मंडल अध्यक्ष कृष्णा साहू,महासचिव गौतम कुमार,कोषाध्यक्ष अंकित सोनी,बजरंग साहू,अनमोल कुमार,अंकित साहू,अनमोल कुमार,राधेश्याम साहू, शैलेश साहू इत्यादि क्षेत्रीय बैठक में उपस्थित थे।

# शहीद विलियम लुगुन के आदर्शों को जाने, समझें और इससे प्रेरणा लें : जोसिमा खाखा




**○ शहीद विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का हुआ आयोजन, मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी किया गया आयोजन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विलियम लुगुन चौक पर गुरुवार को शहीद विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्यि अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। उन्होंने शहीद लुगुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद घड़ा फोड़ कर होने वाले विभिन्नी कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। जोसिमा ने कहा कि शहीद विलियम लुगुन जनप्रतिनिधियों के आदर्श हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। शहीद के नाम पर मेला का आयोजन किया गया है, जो काफी सराहनीय है। उन्हों ने कहा कि लोग शहीद विलियम लुगुन के आदर्शों को जाने, समझें और इससे प्रेरणा लें। इससे पूर्व जोसिमा खाखा सहित विशिष्टा अतिथि जिप सदस्यण समरोम पौल तोपनो, भाजपा नेता सुजान मुंडा, मुखिया शिशिर डांग, पसंस जयंती देवी सहित अन्य लोगों ने शहीद लुगुन की कब्र में श्रद्धांजलि अर्पित की। मेला आयोजन समिति के पदधारियों ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इधर मेले में नागपुरिया कला संस्कृति की आकर्षक प्रस्तुति हुई। पारंपरिक वेशवूषा में सजे नृत्य दलों ने मांदर की थाप और लोक गीतों की धुन पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की। नृत्य प्रतियोगिता में कई स्थानीय नृत्य दल शामिल हुए। केलुगा, पाहनटोली, पतिअंबा, कोलोमडेगा, मयोमडेगा, बारीवृंगा सहित दर्जनों गांवों के लोग मेला में पहुंचे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अनुराग लुगून, अनुज लुगून आदि का योगदान रहा। मौके पर लीला नाग, शोभेन, विजय सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर डहर पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

# पीएम श्री मेला में नजर आए भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के नगर भवन, (टाउन हॉल) सिमडेगा में शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री मेला के तहत लैंग्वेज फेस्टिवल -सह- एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक एक मंच पर देखने को मिली। झारखंड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के द्वारा पीएम श्री मेला के तहत आयोजित लैंग्वेज फेस्टिवल -सह- एफएलएन मेला का उद्घाटन उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति से जुड़ी नृत्य पेश की गई। इसके साथ स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न भाषाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। उपायुक्त महोदय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों के साथ राज्य सरकार द्वारा संचालित कुछ स्कूलों को भी पीएम श्री विद्यालयों के रूप में शामिल किया जा रहा है। जिससे इन स्कूलों में भी शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने



कहा कि लैंग्वेज फेस्टिवल के माध्यम से विभिन्न संस्कृति को जानने समझने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि स्वास्थ्य मन में स्वास्थ्य शिक्षा समाहित होती है। इसलिए बच्चों के मन को स्वस्थ रखने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षा को बच्चों के रुचिकर बनाना होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 11 विद्यालय पीएम श्री से जोड़े गए हैं। जहां बच्चों के समग्र शिक्षा का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के विकास में सहायक होते हैं। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम जिला में होते रहेंगे। जिले में पीएम श्री विद्यालय प्रतियोगिता में पीएम श्री मध्य विद्यालय राजू टोली कोलेबिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो समी अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक गण एवं अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## क्रिकेटर हरभजन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से दिल्ली उनके आवास में की मुलाकात

**○ लोहरदगा बनेगा क्रिकेट का बड़ा हब,लोहरदगा क्रिकेट खिलाड़ीयों का होगा भाग्य उदय : धीरज प्रसाद साहू**

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्रिकेटर हरभजन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से उनके दिल्ली स्थित आवास पहुँच मुलाक़ात की। मौके पर हरभजन सिंह ने ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए धीरज प्रसाद साहू का आभार जताते हुए बताया कि वे लोहरदगा आकर काफ़ी प्रभावित हुए। साहू परिवार ने उनका एवं सुरेश रैना का खूब स्वागत किया। लोहरदगा की जनता ने उन्हें बहुत प्यार दिया और छोटे से ज़िला में साहू परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जैसा माहौल बनाया।



मैं और भी अपने साथी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ दोबारा लोहरदगा आना चाहूँगा। इस पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लंबी बातचीत के बाद यह तय हुआ कि कई अंतराष्ट्रीय स्तर के बड़े क्रिकेटर एवं रिटायर क्रिकेटर जल्द लोहरदगा आएँगे और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। लोहरदगा में क्रिकेट का बड़ा हब बनेगा लोहरदगा के सभी क्रिकेट खिलाड़ी एवं क्रिकेट प्रेमी के लिए ख़ुशख़बरी है। वे तैयार हो जाएँ जल्द लोहरदगा में क्रिकेट का बड़ा एवं भव्य आयोजन होगा जिसकी तैयारी ज़ोर शोर से की जाएगी।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### उप मुख्यमंत्री को धमकी देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पटेल

**जोधपुर :** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमंचद बैरवा को धमकी देने के मामले में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को धमकी देने वाले अपराधी को ट्रैस किया जा रहा है। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है और जल्द ही अपराधी तक पहुंच जाएगी।जोधपुर प्रवास के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अगर अपराधी का इंटेंशन अपराध को लेकर है तो कानून के तहत उस पर कार्रवाई की जाएगी। पहले भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जेल से धमकी मिली थी और उसे ट्रैस कर लिया गया था। पटेल ने कहा कि अपराधी ने सिर्फ सुर्खियों में रहने के लिए धमकी दी थी लेकिन अपराधियों को हमारी सरकार में बक्शा नहीं जाएगा।राजस्थान दिवस चैत्र नवरात्र पर आयोजित करन के सवाल पर कहा कि इतिहासकारों ने राजस्थान की स्थापना ही चैत्र नवरात्र के समय से ही शुरू की गई थी। उन्हीं की परंपरा को पुन- कायम रखने के लिए हमारी सरकार भी चैत्र नवरात्र से राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम शुरू कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का पहला कार्यक्रम बाड़मेर से शुरू हुआ, जिसमें महिलाओं को प्राथमिकता में रखते हुए पहला कार्यक्रम महिलाओं के लिए समर्पित रहा। दूसरा कार्यक्रम किसानों को समर्पित रहा जो बीकानेर से शुरू हुआ। तीसरा आज भरतपुर में हुआ जिसमें अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को कैसे प्राथमिकता मिले, उस पर मंथन किया गया। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने राजस्थान हाईकोर्ट को चार नए न्यायाधीश मिलने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि तीन और न्यायाधीश मिलने की संभावना है।

### एचईसी विस्थापितों को जल्द दिए जाएंगे 393 आवास : मंत्री सुदिव्य

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एचईसी के विस्थापितों के लिए विधानसभा के पास बनाए गए 393 आवास जल्द ही हैंडओवर किया जाएगा। यह बातें नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को द्वितीय पाली में गैर सरकारी संकल्प के तहत भाजपा विधायक नवीन जायसवाल के सवाल के जवाब में कही। मंत्री ने कुटे, आनी, मुड़मा, लाबेद और तिरिल के रैयतों को एचईसी की बची हुई जमीन के लौटाने के सवाल पर कहा कि एचईसी केंद्र सरकार का उपक्रम है। ऐसे में यदि केंद्र सरकार रैयतों की जमीन राज्य सरकार को लौटा दे तो राज्य सरकार इसे तत्काल रैयतों को दे देगी। मंत्री ने कहा कि एचईसी से जुड़े विस्थापन से जुड़ा मामला वृहद स्तर का है, लेकिन सरकार विस्थापितों को आवास देने की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का प्रयास करेगी। वहीं इससे संबंधित अविस्ताव को विधायक नवीन जायसवाल ने वापस नहीं लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यसक्ष रबींद्र नाथ महतो ने वोटिंग कराई, लेकिन अविस्ताव के विपक्ष में बहुमत रहने से यह अविस्ताव गिर गया। इस मामले पर विधायक ने कहा कि इन 393 आवासों को पूर्ववर्ती रघुवर दास की सरकार ने बनाया था, जिसमें हर विस्थापित के लिए छह डिसमील जमीन पर जी प्लस फोर के आवास का निर्माण कराया गया है, जिसकी जमीन समेत एक आवास की कीमत दो करोड़ रुपए है।

## तेजी से घट रहा है देश के प्रमुख जलाशयों का जल स्तर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मार्च गुजरा भी नहीं कि देश के प्रमुख जलाशयों का जल स्तर तेजी से घटने लगा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश के ज्यादातर प्रमुख जलाशयों का जलस्तर उनकी कुल क्षमता का 45 फीसदी तक कम हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने मार्च से मई के बीच झुलसा देने वाली गर्मी के दिनों की अवधि सामान्य से अधिक रहने की भविष्यवाणी की है। ऐसे में परेशानियां बढ़ने की आशंका है। ये जलाशय सिंचाई के साथ ग्रामीण और शहरी घरेलू जल आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोतों में से एक हैं। हालांकि, बढ़ते तापमान के साथ इन बहुमूल्य जल संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है।

**हिमाचल और पंजाब में स्थिति ज्यादा खराब:** इस समय उत्तरी क्षेत्र के जलाशयों का जल स्तर उनकी कुल क्षमता का सिर्फ 25 फीसदी रह गया है। इनमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के 11 जलाशय हैं। हिमाचल प्रदेश और पंजाब के जलाशयों में सामान्य से क्रमश- 36 और 45 फीसदी कम पानी है। इसी तरह पश्चिमी क्षेत्र के जलाशयों का जलस्तर उनकी क्षमता का 55त्न, मध्य क्षेत्र में 49 और पूर्वी क्षेत्र में 44 फीसदी है।

**खेती के लिए बढ़ेंगी मुश्किलें** :पानी का सबसे अधिक उपयोग खेती में होता है, इसके बाद औद्योगिक क्षेत्र और घरेलू आवश्यकताओं के लिए होता है। देश के कई हिस्सों में पहले ही तापमान सामान्य से बहुत अधिक है और मानसून आने में अभी दो महीने से ज्यादा का समय है। ऐसे में जलाशयों का घटता जलस्तर रबी और खरीफ के बीच उगाई जाने वाली फसलों पर असर डाल सकता है।

**20 नदी घाटियों में से 14 में आधे से कम पानी:** देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है। इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसदी पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में सिर्फ 34 फीसदी पानी ही शेष बचा है।

**जीवन पर पड़ेगा गहरा असर :** नदी प्रणालियां सिंचाई, पेयजल के साथ देश की बड़ी आबादी को रोजी-रोटी देने का काम करती हैं। घटता जल स्तर इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन, जीविका और कृषि पर गहरा असर डाल सकता है।

## राज्यपाल ने बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर दी स्वीकृति



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य के आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि 3 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में 2025-26 के लिए वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया था तथा 24 मार्च, 2025 को झारखण्ड विधानसभा में पारित हुआ।

## पुलिस की पिटाई से हुआ महफूज अहमद की मौत : रुचिर तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, अभय कुमार भूइंया, चंद्रशेखर तिवारी व।आलोक कुमार तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि पिछले दिनों पुलिस की बर्बरता पूर्वक पिटाई से मौत हुई एक व्यक्ति महफूज अहमद का दोष सिर्फ नावा बाजार थाना प्रभारी ही नहीं है। बल्कि इस घटनाक्रम में पलामू पुलिस कप्तान की भूमिका भी संदेश के घेरे में है। यह विदित है कि आए दिन पलामू जिला में चोरी एवं अपराध की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और इन घटनाओं पर लगाम पलामू पुलिस नहीं लगा पाई। उल्टे निर्दोष व्यक्तियों को भी झूठे मुकदमे में फंसा कर और थाना में घंटे बैठाकर बेरहमी से पिटाई करने का काम भी किया जा रहा है जो सरासर मानवाधिकार का हनन है। वहीं कोई भी घटना घटने के बाद दोनों पक्षकारों का आवेदन लेकर मोलभाव करने के लिए घंटो इंतजार किया जाता है।

आए दिन पलामू पुलिस बालू ढोने वालों से पैसा उगाही करने में ज्यादा मशगूल दिखती है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद इस घटना में नावा बाजार थाना प्रभारी सहित पलामू पुलिस कप्तान को भी दोषी मानती है एवं झारखण्ड सरकार से यह मांग करती है कि अभिलंब इन दोषी पुलिस पदाधिकारी पर सीबीआई के जांच करा कर आईपीसी के दफा 302 एवं भारतीय न्याय संहिता की दफा 103 के तहत मुकदमा दर्ज करनी चाहिए। ताकि आम आदमी के लिए भी कानून व्यवस्था बनी रहे।

## सांसद वीडी राम के प्रयास से मेराल के कुंभी गांव में बनेगा रेलवे अंडरब्रिज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल रेलवे स्टेशन के पास कुंभी ग्राम में किलोमीटर 18/19-20 पर रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कराया जाने की स्वीकृति रेलवे बोर्ड के द्वारा दी गयी हैं। उक्त संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।ने सांसद के पत्रांक 86/, 10/02/2025 के आलोक में दिनांक 19 मार्च 2025 को पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी। उल्लेखनीय है कि ग्राम कुंभी एवं आसपास के गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए माननीय सांसद उक्त मामले को लोकसभा में नियम 377, धनबाद डिविजनल बैठक, पत्राचार एवं माननीय रेल मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त स्थान पर अंडरब्रिज निर्माण कराने का अनुरोध किया था। उक्त अंडरब्रिज निर्माण के लिए बहुत जल्द निविदा प्रकाशित की जाएगी तथा निविदा के निस्तारण के तत्पश्चात कार्य प्रारंभ किया जाएगा।सांसद ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। इस आशय की जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## जीएन कान्वेंट स्कूल के बच्चों को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर एवं गणमान्य अभिभावकों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मौके पर निदेशक ने कहा कि कोशिश करने वालों को कभी हार नहीं होती। जीवन में निरंतर बढ़ने के लिए प्रयास और कार्य को प्राथमिकता देना होगा तभी सफलता को पाया जा सकता है। आज का यह सम्मान आपके प्रयास और मेहनत के लिए है। यह सम्मान आज के नए परिवेश में नई शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है। हम जितना ज्यादा परीक्षाओं से गुजरेंगे हमारे ज्ञान और कौशलता उतना ही निखरेगें। आज के परिवेश में जिसने अनुशासन और समय प्रबंधन के साथ समायोजन करना सीख लिया उसकी सफलता पक्की है। अपने कार्य और वर्ग में उत्कृष्टता के लिए बच्चों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, गिफ्ट एवं रीडिंग मैटेरियल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत किए जाने वालो बच्चों में संध्या कुमारी, प्रतीक तिवारी, हिमांशु, सादात राज, उत्कर्ष, मिष्ठी केशरी, समृद्धि भाग्यश्री, दिव्यांशु कश्यप, कृष्ण केशरी, श्रद्धा कुमारी, आराध्या कुमारी, शिवांगी पाल, देवराज, अयांश द्विवेदी, अयांश कुमार, अर्णव धर दुबे, शिवांश केशरी, वेदांश केशरी, सौम्या पटवा, मुर्शिद अहमद, रितिका रानी, विष्णु शर्मा, आराध्या कुमारी, अनोखी ठाकुर, आदित्य केशरी, परी कुमारी, श्रेया शीतल, प्रवीर राज, नौशीन फातिमा, आँचल केशरी, नेहा किशन, अनुष्का रानी, अंश कुमार, शिवम कुमार मिश्रा, आराध्या कुमारी, निशा केशरी, आर्या चैबे, सृष्टि कुमारी, पीयुष कुमार, अजित कुमार, अमित कुमार, प्रतीक तिवारी, भाष्कर तिवारी, आयुष कश्यप, प्रीतम दुबे, संध्या केशरी के नाम शामिल हैं।

## बिहार विधानमंडल की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना :** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज संपन्न हो गया। दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आज विधानसभा में कहा कि 18 दिनों तक चलने वाले सत्र के लिए मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री नेता विरोधी दल एवं सभी सदस्यों का सहयोग मिला है इसके लिए सभी को बधाई। विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इस सत्र के दौरान 3,857 प्रश्न प्राप्त हुआ जिनमें 2,944 स्वीकृत हुए इन स्वीकृत प्रश्नों में से 20 अल्प सूची प्रश्न थे जिनमें 18 प्रश्नों का उत्तर प्राप्त हुआ। 2,644 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए 2,400 प्रश्नों का उत्तर प्राप्त हुआ।

## ट्रंप का विदेश में बने वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान



एजेंसी

**न्यूयार्क :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऑटो आयात पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया। इस फैसले अमेरिका का व्यापारिक साझेदारों के साथ तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम अमेरिका के बाहर बनी सभी कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। लेकिन अगर कार अमेरिका में बनी है, तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा।यह टैरिफ दो अप्रैल से लागू होंगे और विदेश में बनी कारों व हल्के ट्रकों पर असर डालेगा। यह मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होगा।

जनवरी में दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप पहले कनाडा, मैक्सिको और चीन से आने वाले सामान पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके अलावा, इस्पात और एल्युमिनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। लेकिन इससे पहले उन्होंने उत्तर अमेरिका में प्रभावित ऑटो कंपनियों को टैरिफ से अस्थायी राहत दी।

### अमेरिका के वित्तीय बाजार में मचा हड़कंप

ट्रंप की व्यापार नीतियों के कारण अनिश्चितता की आशंका से वित्तीय बाजारों में हलचल बढ़ गई है। वहीं, टैरिफ के असर के डर से हाल के महीनों में उपभोक्ताओं के भरोसे में गिरावट देखी गई है।

ट्रंप के एलान से पहले वॉल स्ट्रीट में गिरावट आई, जहां टेक सेक्टर पर केंद्रित नैस्डैक दो फीसदी नीचे चला गया। जनरल मोटर्स के शेयर 3.1 फीसदी शेयर गिरे, जबकि फोर्ट के शेयर में 0.1 फीसदी की मामूली बढ़त देखी गई।

### इन देशों के साथ बढ़ सकता है टकराव

ट्रंप प्रशासन टैरिफ को राजस्व बढ़ाने और अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा देने का जरिया मानता है। इस फैसले से जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा, मैक्सिको और जर्मनी जैसे करीबी सहयोगियों के साथ अमेरिका के संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

## भ्रष्टाचार के जाल में जकड़ी सरकार : जयराम ठाकुर



एजेंसी

**शिमला :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर माफ़ियाराज और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में अराजकता और भ्रष्टाचार के जाल में फंसी हुई है, जहां माफ़ियाओं को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है।जयराम ठाकुर ने कहा,यह सरकार भ्रष्टाचार और माफ़ियाराज को बढ़ावा दे रही है और पहले कभी प्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। प्रदेश में वन माफिया लाखों पेड़ों की कटाई कर रहा है, लेकिन सरकार कार्रवाई करने के बजाय इन्हें संरक्षण दे रही है। सरकार में मित्रों का राज चल रहा है, जिससे प्रदेश के हितों को नुकसान हो रहा है।

उन्होंने धर्मपुर मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां वन विभाग की मिलीभगत से हजारों टन लकड़ी काटी और बेची गई लेकिन भाजपा की शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि बद्दी में अवैध खनन के लिए पहाड़ काटे गए और वन विभाग ने आंखें मूंद लीं।नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय तक भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और खनन से जुड़े एक व्यक्ति को ईडी द्वारा अरेस्ट करने के बावजूद वह मुख्यमंत्री की गाड़ी में बैठकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचता है। इस पर मुख्यमंत्री की चुप्पी सवाल उठाती है।जयराम ठाकुर ने कहा कि खनन माफिया प्रदेश के कोने-कोने में सक्रिय है जबकि नशा माफिया को भी सरकार का संरक्षण मिल रहा है। इस साल 14 युवाओं की चिट्टे से मौत हुई है और हत्या, रेप, और चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ट्रांसफर माफिया और आउटसोर्स भर्ती में भी भ्रष्टाचार जोरों पर है।

## भजनलाल सरकार की कथनी और करनी में अंतर : गहलोत

**जयपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाजरे की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद और पेपर लीक पर भाजपा नेताओं की ओर से की जा रही बयानबाजी पर भजनलाल शर्मा की सरकार पर हमला बोला। एक्स पर पोस्ट लिखकर गहलोत ने इन दोनों मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथों लिया।उन्होंने लिखा कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर लाई गई भीड़ के सामने मुख्यमंत्री ने जवाब नहीं दिया कि बाजरे की एमएसपी पर खरीद का वादा कब पूरा किया जाएगा? क्या यह वादा भी जुमला है?उन्होंने लिखा कि पेपर लीक पर बोलने से पहले भाजपा नेताओं को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। फरवरी 2025 में नवलगढ़ में एक सेंटर पर आरएएस प्री परीक्षा के पेपर का लिफाफा खुले मिलने पर भी कोई जांच नहीं की गई और मामला दबा दिया गया। उसकी जांच क्यों नहीं की? इसी प्रकार 2013 से 2018 की भाजपा सरकार में 13 पेपर लीक हुए।

## 15 गांवों व छह वार्डो को मिला ड्रग मुक्त गांव का सम्मान



एजेंसी

**जींद :** गांव सिंगवाल में गुरूवार को ड्रग्स के खिलाफ एकजुटता व ड्रग मुक्त समाज के मद्देनजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा सामूहिक रुप से आयोजित इस कार्यक्रम में एडीजीपी हिसार मंडल डा. एम. रवि किरण मुख्यअतिथि के रुप मे पहुंचे।

इस कार्यक्रम में लगभग 25 गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्य व गणमान्य व्यक्तियों सहित युवा व मातृ शक्ति ने भारी सख्यां मे भाग लिया।कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि एडीजीपी हिसार मंडल का पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व दर्जनों गांवों के सरपंचों ने स्वागत किया।

मुख्यअतिथि ने गांव गुरथली, हथो, सिंसर, सिंगवाल, कर्मगढ़, अमरगढ़, काब्रछा, खरैंटी, गढ़वाली, जैजैवंती, अलीपूरा, खरकभूरा, हाड़वा, अंबरसर, खातला, जींद के वार्ड नंबर 15 व 16, नरवाना के वार्ड नंबर 11 व 12, उचाना का वार्ड नंबर तीन व सफीदों का वार्ड नबरं 10 को नवाजा।एडीजीपी हिसार मंडल डा. एम. रवि किरण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस टीमें ड्रग से प्रभावित गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर ड्रग से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करती है। पीडितों की काउंसलिंग करवाई जाती हैं व उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर नशे से छुटकारा दिलवाने के लिये उपचार करवाया जा रहा है। पुलिस टीमों द्वारा जिला जींद के 132 गांवो में सर्वे किया गया है।

सर्वे के दौरान टीमों ने 1234 व्यक्तियों की पहचान की है, जो ड्रग की लत की गिरफ्त में हैं। चिन्हित किए गए ड्रग पीडितों में से 646 ड्रग पीड़ितों का उपचार शुरु करवाया गया है। अच्छी बात यह है कि टीम ने सर्वे के दौरान पाया है कि जो नशे से पीड़ित थे वे सुधर रहे हैं। जिला जींद मे करीब 130 ड्रग पीड़ितों ने नशा छोड दिया है, कुछ लोगों ने नशे की मात्रा को कम कर दिया है व नशे से छुटकारा पाने की दिशा मे उपचार पा रहे है।